
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 18 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 26 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



सदाचार की उपासना करो चमत्कार नहीं।

Adore morality not miracle.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### पानी की मांग को लेकर जल मंत्री आतिशी की भूख हड़ताल खत्म

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की भूख हड़ताल पांचवें दिन खत्म हो गई है। इसकी जानकारी आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। आप नेता ने कहा, आज हम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए पत्र लिख रहे हैं। एलजी साहब ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात की है। जिसके बाद अब इस अनिश्चितकालीन अनशन को रोका जा रहा है। अब हम दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए सभी विपक्षी दलों के साथ संसद में भी आवाज उठायेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की तैयारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान में साजिश रची जा रही है। हथियारों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचाने के लिए लाहौर और बहावलपुर में भी मीटिंग हुई है। लश्कर आतंकी संगठन की एक बड़ी मीटिंग जम्मू-कश्मीर को लेकर लाहौर में हुई है। इस मीटिंग में लश्कर का नंबर टू का आतंकी आमिर अब्दुल रहमान मक्की शामिल था। इस मीटिंग का मेन एजेंडा कम से कम 20 रु फोर अमेरिकी हथियार को जम्मू-कश्मीर में भेजने का है। इसके जरिए अमरनाथ यात्रा के पूरे रूट पर अलग-अलग जगहों पर अटैक करना है।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात

### छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट व माओवादी विरोधी अभियानों की दी जानकारी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री को अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने विगत छह माह में माओवादी विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि माओवादी समस्या के समूल उन्मूलन हेतु ज्वाइंट एक्शन प्लान तैयार कर कार्रवाई की जा रही है। नियद नेल्लानार योजना (आपका अच्छा गाँव) के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने व शासन-प्रशासन व ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं तथा भविष्य में 29 कैंपों को प्रारंभ करने की योजना है।

विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरी करने की दिशा में उठाए गए कदम की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन सरकार के गठन के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 18 लाख 12 हजार 743 परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में 1 लाख 6 हजार 777 आवास निर्माणाधीन है, जिनकी स्वीकृति पूर्व में ही की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत किसानों को वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लिए 3 हजार 667 करोड़ की राशि दी गयी है। वहीं, कृषक उन्नति योजना के तहत वर्ष 2023 के लिए कुल 24 लाख 73 हजार किसानों को 13 हजार 287 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि राज्य में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत अब तक लगभग 70 लाख महिलाओं को चार माह की वित्तीय सहायता 2618 करोड़ रुपए की राशि दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को श्रीरामलला दर्शन योजना के बारे में बताते हुये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इसके लिए आईआरसीटीसी के साथ एमओयू किया गया है। इस योजना के तहत हर साल 20 हजार यात्रियों को यात्रा कराने का लक्ष्य है।

## मुख्यमंत्री साय करेंगे साप्ताहिक 'जनदर्शन', 27 जून से होगा शुरू

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आम जनों से मुलाकात का कार्यक्रम 'जनदर्शन' 27 जून से शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में जन सरोकारों की बातें होंगी। श्री साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर उसका यथोचित निराकरण भी करेंगे। इसके साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त करेंगे। जनदर्शन में आमजन सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे। मुख्यमंत्री वहीं पर समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी करेंगे।

## लोकसभा स्पीकर पर पहली बार होगा चुनाव, ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष ने के. सुरेश को उतारा उम्मीदवार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 18वीं लोकसभा के नए अध्यक्ष पर पद को लेकर नया ट्विस्ट आया है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए अब विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर पद पर अपना उम्मीदवार उतारा है। केरल के कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने विपक्ष की तरफ से स्पीकर के पद पर अपना पर्चा दाखिल कर दिया है। अब उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला से होगा। ओम बिरला ने भी स्पीकर पद के नामांकन भर दिया है। कल लोकसभा स्पीकर के लिए चुनाव होना है। वहीं, आज कांग्रेस ने सरकार पर डिप्टी स्पीकर को लेकर सहयोग नहीं करने का भी आरोप लगाया और इसके थोड़ी देर बाद स्पीकर पद के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया।





कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने कहा कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगा, उन्होंने सरकार पर डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने में आनाकानी करने का आरोप लगाया। बता दें कि भारत के इतिहास में ये पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष इस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

के. सुरेश केरल की मवेलिकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं।

साल 1989 से उनका इस सीट पर कब्जा है। उन्हें लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुभव हैं। वे अबतक 7 बार सांसद बन चुके हैं। साथ ही के सुरेश कांग्रेस की सरकार में 2012 से 2014 तक राज्य मंत्री थे। साल 2018 में उन्हें केरल कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। वे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव भी रह चुके हैं।

18वीं लोकसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चेहरा करीब करीब क्लीयर हो गया है। एक बार फिर ओम बिरला स्पीकर की कुर्सी पर नजर आएंगे। राजस्थान के कोटा से लगातार थर्ड टर्म से सांसद हैं। 2019 में पहली बार इन्हें स्पीकर बनाया गया और अब दूसरी बार ये पद संभालेंगे।

## संसद में शपथ के दौरान दिखा अलग स्वैग, उठे कई विवाद भी...



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में मंगलवार को भी सांसदों को सदस्यता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला। एक तरफ जहां कांग्रेस सांसद राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर शपथ लेने पहुंचे। तो, किसी ने संस्कृत, उर्दू में शपथ लेकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इसके अलावा कई सांसदों ने शपथ लेने के बाद अलग-अलग नारे भी लगाए।

उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा के सांसद अरुण गोविल ने शपथ ली। उन्होंने संस्कृत में शपथ ग्रहण की। शपथ लेने के बाद अरुण गोविल ने जय श्री राम और जय भारत कहा, जिसके बाद समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश के नारे लगाए। हाथरस से भाजपा सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि ने शपथ लेने के बाद श्रीराम का नारा लगाया। गाजियाबाद से भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिंदाबाद, दीनदयाल उपाध्याय जिंदाबाद, अटल बिहारी वाजपेयी जिंदाबाद और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इतना ही नहीं विपक्षी सांसदों की नारेबाजी देखते हुए अतुल गर्ग वापस आए और डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद का नारा भी लगाया।

दरअसल, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में संसद सदस्यता की शपथ लेने के बाद जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और सबसे आखिर में जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। जिसके बाद सदन में जमकर बवाल देखने को मिला। इसी के जवाब में अतुल गर्ग ने ये सब नारे लगाए।

वहीं, उत्तर प्रदेश की बरेली से निर्वाचित भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद उन्होंने जय हिंदू राष्ट्र, जय भारत कहा, जिसके बाद विपक्षी नेताओं ने जमकर हंगामा किया।

## मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर किसानों को सुगमता के साथ खाद-बीज का वितरण

### अब तक 4325 करोड़ रूपए का ब्याज मुक्त ऋण वितरित

### किसानों को 3.17 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने गत दिनों कृषि विभाग की बैठक लेकर किसानों को उनके मांग के अनुरूप खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उनके निर्देश के परिपालन में किसानों के सहूलियत के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में प्रदेश में किसानों को केसीसी के तहत चालू खरीफ सीजन के लिए 7300 करोड़ रूपए ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है इसके विरूद्ध में 9 लाख 52 हजार 70 किसानों को 4324.98 करोड़ रूपए का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार किसानों को सुगमता के साथ खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है। किसानों की मांग पर 8.60 लाख टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है जिसके विरूद्ध किसानों को 4.90 लाख टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 4.27 लाख टन खाद का वितरण किया गया था। किसानों को प्रमाणित बीज भी उपलब्ध कराने का सिलसिला जारी है। इस खरीफ सीजन में 4.40 लाख क्विंटल का भण्डारण किया गया है। अब तक 3.17 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किसानों को किया गया है।

## आज संविधान बचाने की दुहाई देने वालों ने ही संविधान की हत्या की थी : विष्णुदेव साय

**रायपुर/दिल्ली (विश्व परिवार)।** कांग्रेसी आज घूम-घूम कर संविधान बचाने की दुहाई दे रहे हैं. संविधान खत्म हो जाएगा कहकर दुष्प्रचार फैला रहे हैं. ये वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही नेतृत्व में देश में आपातकाल लगाया था. लोकतंत्र की हत्या की थी. भारतीयों की आवाज को दबाने का काम किया था. तथ्य यह है कि फिरंगियों-अंग्रेजों से गांधी-सुभाष के नेतृत्व में लड़कर हमें जो आजादी मिली थी, वह 1975 में हमने खो दी थी. भारत में आज जो आजादी है, वह जेपी-लोहिया-अटल-आडवाणी जैसे महापुरुषों की देन है. यह कांग्रेस से लड़ कर पाई गई आजादी है, कांग्रेस के शिकंजे से संविधान को मुक्त करा कर लाई गई आजादी है. ये बातें आपातकाल की 49वीं बरसी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत में एक सदी भर लम्बे संघर्षों और हजारों हुतात्माओं के बलिदान के बाद हमने आजादी पाई थी. आजादी उपरांत स्व. भीमराव अम्बेडकर ने हमें मौलिक अधिकारों के साथ 'संविधान' का उपहार दिया. बड़े ही त्याग और बलिदान से प्राप्त इस लोकतंत्र को कांग्रेस नेत्री तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आधी रात को खत्म कर देश को फिर से तानाशाही और गुलामी के उसी काल में धकेल दिया था, जहां से निकलकर 1947 में भारत वापस आया था. स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे अलोकतांत्रिक काल था, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने 'भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि' कहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी आजादी की विरासत को, तब ही खत्म कर दिया था जब लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल लगाया था. भारतीय संविधान और लोकतंत्र आज के भाजपा (तब का भारतीय जनसंघ) के इतिहास पुरुष अटल-आडवाणी-नानाजी जैसे राष्ट्रवादियों का हासिल किया लोकतंत्र है. लोकनायक जयप्रकाश नारायण का कमाया लोकतंत्र है, जिसका आज हम आनंद ले रहे हैं। आपातकाल भले 1977 में खत्म हो गया, लेकिन आपातकाल की मनोवृत्ति वाले तत्व और संगठन आज भी मौजूद हैं. हर क्षण-प्रतिपल लोकतंत्र विरोधी तत्वों के खतरे के प्रति सावधान रहने की जरुरत है.

## राज्य निर्वाचन आयोग के नए आयुक्त अजय सिंह ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के पांचवे निर्वाचन आयुक्त के तौर पर आज अजय सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। 1983 बैच के आईएएस अधिकारी अजय सिंह फरवरी 2020 में शासकीय सेवा से निवृत्त हुए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति से पहले वे उपाध्यक्ष, राज्य योजना आयोग के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। वहां से पदमुक्त होकर उन्होंने आज राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार ग्रहण किया है।

स्वागत के इस मौके पर सचिव, डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से आयुक्त सिंह का संक्षिप्त परिचय कराते हुए इन अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की भी जानकारी दी। आयुक्त सिंह ने इसके बाद आयोग के सभी कक्षों का मुआयना किया और आने वाले समय में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए तैयारियां करने पर जोर दिया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह के पदभार ग्रहण करने पर आयोग की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर सचिव डॉ. भुरे, उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, अवर सचिव डॉ. अनुप्रिया मिश्रा तथा अवर सचिव प्रणय कुमार वर्मा सहित आयोग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के लिए एक परिवार और सत्ता सबसे महत्वपूर्ण : अमित शाह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा देश के लोकतांत्रिक इतिहास का काला दिवस आपातकाल की 50वीं बरसी पर कहा कि एक परिवार की सत्ता के लिए कांग्रेस ने बार-बार संविधान की आत्मा को कुचला। अमित शाह ने कहा कि राजीव गांधी ने किया था इमरजेंसी का समर्थन, सदन में कहा था कि इसमें कुछ भी गलत नहीं। जरूरत होने पर इमरजेंसी न लगाए ऐसा नेता पीएम के लायक नहीं, अपने पिता का यह बयान भूल गए हैं कांग्रेस के युवराज। आपातकाल के अत्याचारों पर गर्व करना यह दर्शाता है कि कांग्रेस के लिए एक परिवार और सत्ता सबसे महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कई बार भारत के संविधान की भावना को कुचला है।

## सफलता पाने युवा वर्ग पूरी ताकत से करें परिश्रम : विजय शर्मा

### अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय के 13वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय के 13वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे सादर नमन किया। उन्होंने यूनिवर्सिटी में कम्प्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा विश्वविद्यालय आज अपना 13वां स्थापना दिवस मना रहा है। अपने उद्बोधन की शुरूआत अटल जी की कविता से करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दी। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में पूरी ताकत और मनोयोग से परिश्रम करें तो आपको जरूर सफलता मिलेगी। युवाओं को सच्चाई के मार्ग से कभी विचलित नहीं होने की सीख दी। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों और बच्चों को पुरस्कार बांटे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार और मासिक पत्रिका अटल दृष्टि सहित अन्य प्रकाशनों का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति श्री एडीएन बाजपेई ने की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन विशेष है। अल्पसमय में ही यूनिवर्सिटी ने सफलता के नये आयाम स्थापित किए है। मुझे यहां आकर बड़ी प्रसन्नता हुई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यूनिवर्सिटी को नये सोपान तय करने के लिए जो भी आवश्यकता होगी उसके लिए छत्तीसगढ़ शासन हर संभव मदद करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में सफल होने के लिए शॉर्टकट न अपनाएं।

## मनरेगा : मानव दिवस सृजन में प्रदेश में रायपुर जिला ने हासिल किया द्वितीय स्थान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मनरेगा से ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक रोजगार का सृजन हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही जल संरक्षण की दिशा में भी कार्य किए जा रहे है। छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सर्वाधिक मानव दिवस सृजन के मामले में प्रदेश में रायपुर जिले ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। मनरेगा श्रमिकों के जिंदगी में व्यापक बदलाव आ रहा है। रायपुर जिले ने वर्ष 2024-25 में जून माह तक आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध 159 प्रतिशत मानव दिवस सृजन किया है। रायपुर जिले ने वर्ष 2024-25 में जून माह तक 19.01 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा था, जिसके विरूद्ध जिले में 30.14 लाख मानव दिवस सृजन कर राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मनरेगा के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग हो रही है। इसी का परिणाम है कि मनरेगा के कार्यों को गति मिल रही है। मनरेगा कार्यस्थलों में सभी आवश्यक सुविधाओं के इंतजाम भी किए जा रहे है। श्रमिकों के लिए मेडिकल किट, पेयजल और गर्मी से बचाव के लिए छाया की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह से 10 जून तक प्रतिदिन औसतन 1 लाख श्रमिक जिले में कार्यरत रहे है।

**30.14 लाख मानव दिवस सृजन, रायपुर जिले ने बनाया नया कीर्तिमान**

**कार्यस्थल पर मेडिकल किट, पेयजल और छाया की व्यवस्था**

## 61 स्टेशनों पर खुलेंगे प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र के स्टॉल, रेलवे का फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने सफर के दौरान यात्रियों को आसानी से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए 61 स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इसका मकसद करोड़ों यात्रियों को इमरजेंसी के दौरान रेलवे स्टेशन पर सस्ती कीमत पर दवाएं मिल सके है। पिछले कुछ महीनों में 50 स्थानों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र सफलतापूर्वक कार्य शुरू कर चुके हैं। इन 50 केंद्रों में पूर्व मध्य रेलवे में पटना जंक्शन, दरभंगा और पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं।




अब इस पहल की सफलता और लोगों के उत्साह को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 61 अन्य स्थानों पर प्रधानमंत्री जन भारतीय औषधि केंद्र के स्टॉल खोलने का निर्णय लिया है। इनमें बिहार के आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, छपरा एवं भागलपुर स्टेशन शामिल हैं। जहां प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इन स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के स्टॉल खोलने के इच्छुक लोगों से निविदा आमंत्रित किए जा चुके हैं। चयनित निविदाकर्ता को अगस्त के पहले सप्ताह तक आउटलेट का निर्माण पूरा करते हुए सौंप दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय से न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बल्कि लोगों को सस्ती कीमतों पर दवाइयां भी मिलेगी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का उद्देश्य सभी लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। जिससे स्वास्थ्य देखभाल में जेब से होने वाले खर्चे को कम किया जा सके।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के तहत विभिन्न उत्पादों में 1963 दवाइयां और 293 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं, जो सभी प्रमुख चिकित्सीय समूहों जैसे कार्डियोवैस्कुलर, एंटी-कैंसर, एंटी-डायबिटिक्स, एंटी-इंफेक्टिव्स, एंटी-एलर्जिक, गैस्ट्रो-आंत्र संबंधी दवाइयां, न्यूट्रास्युटिकल्स आदि को कवर करते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में कई आयुर्वेदिक उत्पादों को भी शामिल किया गया है और यह लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर आसानी से उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीसी 6-4 के तहत 06,46,380 रुपए की आर्थिक सहायता राशि वितरित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर तहसील आरंग अंतर्गत गुल्लू, गुडगुडा सहित 10 ग्रामों में फसल क्षति और मकान क्षति के प्रकरणों का निराकरण किया गया। तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला ने बताया कि आरबीसी 6-4 के तहत 06 लाख 46 हजार 3 सौ 80 रूपये की आर्थिक सहायता राशि वितरित किया गया।

### सोमवार देर रात हॉस्पिटल पहुंचे कलेक्टर, स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने सोमवार देर रात लगभग 10 बजे लवन एवं कसडोल नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे.उन्होंने वहां ओपीडी रजिस्टर, कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर, फार्मेसी दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं ओपीडी में पहुँचे मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मरीजों ने बताया कि समय पर हमको भोजन की उपलब्ध हो जाती है एवं दवाइयां भी हमे नि:शुल्क मिल रही है। लवन हॉस्पिटल में निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने स्टॉफ क्वार्टर एवं हॉस्पिटल में जलभराव संबधित हों रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ को नाली निर्माण कर समस्या बिका समाधान करने का निर्देश दिए है। इसी तरह इसी तरह कसडोल में भी गार्ड कमी बताई गई जिस बीएमओ एवं एसडीएम को जीवनदीप के माध्यम से गार्ड रखने के निर्देश दिए है साथ ही ड्यूटी में नदारद मिले गार्ड पर कार्रवाई करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान श्री सोनी ने साफ सफाई पर और अधिक जोर देने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कसडोल में संचालित एनआरसी सेंटर पहुँचकर वहां एडीमेट हुए बच्चों के माताओं से मुलाकत कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को कुपोषित बच्चों का चिन्हाकन कर और अधिक बच्चों को भर्ती करने का निर्देश दिया है।

### निर्धन छात्रों हेतु गणित और अकाउण्ट्स की नि:शुल्क कक्षा एक जुलाई से

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा कक्षा नवमीं, दसवीं की छात्राओं हेतु नि:शुल्क गणित की कोचिंग एक जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। इसके अलावा कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं की छात्राओं हेतु अकाउण्ट्स की भी कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि ये नि:शुल्क कक्षाएं हिन्दी माध्यम की सरकारी स्कूल की छात्राओं के लिए प्रारंभ की जा रही है इसका मुख्य उद्देष्य उन बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना है जिनके अभिभावक उन्हें किसी कोचिंग में भेजने व फीस पटाने में असमर्थ होते हैं। ये कक्षाएं पुरानी बस्ती स्थित वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल में लगाई जाएगी इसमें प्रवश पहले आओ- पहले पाओ के आधर पर दिया जाएगा। प्रत्येक कक्षा में 25-25 विद्यार्थियों के लिए स्थान रखा गया है। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि गत् दो वर्षों से संस्थान द्वारा निर्धन विद्यार्थियों के लिए गणित की नि:शुल्क कक्षाएं चलाई जा रही है जिसमें अब तक 130 विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा समर क्लासेस के अंतर्गत निर्धन विद्यार्थियों हेतु नि:शुल्क अंग्रेजी की भी कक्षाएं ली गई थी जिसमें 80 विद्यार्थियों को अंग्रेजी की बेसिक व व्याकरण की जानकारी दी गई थी। आगामी गणित व अकाउण्ट्स की नि:शुल्क कक्षाओं में प्रवेश हेतु शिवाजी स्कूल में संपर्क किया जा सकता है।

## एक जुलाई से लागू होगी नवीन न्याय संहिता

### जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

#### कलेक्टर और एसपी ने क्रियान्वयन हेतु अधिकारियो को दिए जरुरी निर्देश



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** आगामी 1 जुलाई 2024 से देश में लागू हो रहे नवीन न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होने बताया कि एक जुलाई से तीन नये कानून लागू होने जा रहा है इसके जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति भी बनाई गई है। नवीन न्याय संहिता की जानकारी विभागीय अधिकारियो एवं आम जनता तक पहुँचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

श्री अग्रवाल ने बताया कि नवीन न्याय संहिता में पुलिस विभाग के साथ ही स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण विभाग की भी अहम भूमिका होगी। इस कानून में किसी पीडिता का बयान महिला पुलिस अधिकारी या अन्य महिला अधिकारी लेंगे। बुजुर्गो व बच्चों से सम्बंधित अपराधों में काउंसिलिंग का भी प्रावधान है। इसीप्रकार स्वास्थ्य विभाग को पीड़ित की मेडिकल जाँच 24 घंटे के अंदर करना होगा और पोस्टमॉर्ट रिपोर्ट भी समय पर देना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार फॉरेन्सिक जाँच भी जरुरी होगा। उन्होने बताया कि इस कानून के तहत मोबाइल से भी एफआइआर दार्ज करा सकते हैं। बताया गया कि नवीन न्याय संहिता के व्यापक प्रचार -प्रसार के लिए जिला मुख्यालय सहित जनपद मुख्यालय, महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यकम में नवीन न्याय संहिता के बारे में बुनियादी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही अनुभागीय अधिकारी राजस्व के बैठक में एसडीओपी भी अधिकारी -कर्मचारियों को जानकारी देंगे। बैठक में डीएफओ श्री मयंक श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते सहित सभी एसडीएम तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## समय सीमा के बाहर वाले अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को तत्काल निराकरण करना करें सुनिश्चित : कलेक्टर



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि समय-सीमा से बाहर वाले सभी अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व अधिकारी तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी व्यक्तिगत रूप से सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करवाएं, जहां जरूरत है वहां पर टीम बनाकर सीमांकन कार्य को पूर्ण करवाएं। राजस्व अधिकारी प्रतिदिन न्यायालय में लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण की पहल करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर ने विगत दिनों मुख्य सचिव के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की गई राजस्व प्रकरणों की समीक्षा और निर्देश पर भी राजस्व अधिकारियों को अवगत करवाया। बैठक में कलेक्टर श्री विजय ने कहा कि राजस्व के मैदानी अमलों पर प्रशासनिक कसावट जरूरी है साथ ही जिले के सभी राजस्व कार्यालयों में पर्याप्त मानव संसाधन दिया गया इसलिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाए। उन्होंने नक्शा बांटाकन के लिए जिन तहसीलों में लंबित प्रकरण की संख्या अधिक है उन क्षेत्रों में टीम बनाकर काम को पूर्ण करवाएं, इसके लिए जिला स्तर पर भी एक नोडल अधिकारी बनाकर कार्य में प्रगति लाए।

बैठक में राजस्व न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की तहसील वार समीक्षा सहित अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, बी.121-त्रुटि सुधार, बेदखली के प्रकरण, शासकीय भूमि का अतिक्रमण, नक्शा बांटाकन, नक्शा नवीनीकरण, अभिलेख कोष में प्राप्त किए गए न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा किए। कलेक्टर ने राजस्व कार्यालय में संलग्न अन्य विभाग के कर्मचारियों को तत्काल मूल विभाग के लिए मुक्त करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम : चिरायु से सार्थक को मिला नया जीवन, परिजनों के चेहरे में आई रौनक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गरीब बच्चों के लिए चिरायु वरदान साबित हो रही है। जन्म से विकृत बच्चों को चिरायु के माध्यम से संजीवनी प्रदान मिल रही है। चिरायु टीम ने आरंग के बोरिद गांव में एक नवजात शिशु के ऑपरेशन में ने सफलता हासिल की है। तीन माह के सार्थक के दोनों पैर जुड़े होने के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से चिरायु टीम को जानकारी मिली। टीम ने तुरंत बच्चे का उपचार शुरू किया। इस दौरान पता चला कि बच्चा क्लब फुड से ग्रसित है। बच्चे को डीकेएस अस्पताल में उपचार कराया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांच के बाद ऑपरेशन करने की सलाह दी। इस दौरान परिजनों ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। काफी समय तक ऑपरेशन के लिए तैयार नहीं हुए। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन और सीएमएचओ श्री मिथिलेश चैधरी के निर्देश पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चे का इलाज संभव हुआ और चिरायु टीम के अथक



प्रयास और परिजनों को मनाने के बाद इलाज के लिए तैयार हुए। हर सप्ताह बच्चे को अस्पताल लाया गया। अब बच्चे का ऑपरेशन भी हो गया है और बच्चा पूरी तरह से ठीक हो चुका है और स्वस्थ है। इस सफलपूर्वक ऑपरेशन के बाद परिजन खुश है और जिला प्रशासन के प्रति भी आभार जताया है। चिरायु के सफलतापूर्वक उपचार के बाद 9 साल की भेजकुमारी का जीवन स्वस्थ हो गया है। प्राथमिक शाला चरौदा में भेजकुमारी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली भेजकुमारी के हृदय में असामान्य गति पाई गई। भेजकुमारी ने बताया कि वह अक्सर जल्द थक जाती है और जल्दी सांस भर जाता है। कभी-कभी सीने में भी दर्द होता है। बालिका की स्थिति को देखते हुए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और सफलपूर्वक ऑपरेशन किया गया। अब भेजकुमारी पूरी तरह से स्वस्थ हो चुकी है और परिजनों को भी खुशी है कि लंबे समय की बीमारी से बच्ची को निजात दिलाई गई।

## पानी निकासी की व्यवस्था बनाने राजिम पहुंचे विधायक रोहित साहू



**राजिम ( विश्व परिवार )।** सोमवार को दैनिक अजय उजाला में खबर छपते ही शहर के फिंगेश्वर रोड स्थित क्षत्रपति शिवाजी चौंक के समीप बरसात में होने वाली जलभराव के निकासी की समस्याओं को राजिम विधायक रोहित साहू ने संज्ञान में लिया। इस दौरान वे जलभराव वाले स्थानों पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं पार्षदों के साथ पहुँचे और पालिका प्रशासन से तत्काल जेसीबी मंगाकर आवश्यकता ग्रस्त स्थानों पर खड़े होकर सफाई करवाया। उन्होंने सफाई नहीं होने पर पहले तो नाराजगी जाहिर की फिर बरसात के मौसम को देखते हुए पूर्व से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पूर्ण तैयारी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को दिए। लोगों ने विधायक रोहित साहू के इस क्रियाकलाप की तारीफ करते हुए कहा कि स्थानीय विधायक होने का लाभ राजिम क्षेत्र सहित राजिम की जनता को भी मिलने लगी है। यहाँ के विधायक सुबह से ही नगर की समस्याओं को जानने बिना किसी तामझाम के विभिन्न वार्डों में पहुँच रहे हैं जिसकी बदौलत नगर में व्याप्त समस्याओं पर निराकरण शीघ्रता से हो रहा है। इस दौरान विधायक रोहित साहू के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जीतेन्द्र सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष मनोज देवांगन पार्षदगण महेश यादव, ओमप्रकाश ऑडिल, टंकू सोनकर, विनोद सोनकर, लेखा महोबिया, पूर्णिमा चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी.** भवन योजना के अतंर्गत, निर्मित दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ **भवन क्रमांक एल.आई.जी.-44 श्री विकास किरवाई, पिता- स्व. श्रीधर राव किरवाई** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **07/03/2011** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **19/06/2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री सकलैन शेख पिता श्री शाहीद अंसारी** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के **15 दिन** के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

### आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **वीर सावरकर नगर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित **जनता** भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक **जनता-1223 श्रीमति उषा देवी पति श्री सुनिल कुमार पंडित** को भाडाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **24/02/2021** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **11/06/2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री/श्रीमती **मंगला सिंह, पति- श्री सुख दयाल सिंह** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के **15 दिन** के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./12298/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 25-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12298**
**वार्ड का नाम- 26- दानवीर भामाशाह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **26** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR111C00407** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SUKHRAM** पिता/ पति, श्री/श्रीमती **BUDDHURAWAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ओम प्रकाश यादव 2. सुरेखा यादव दोनों के पिता- स्व. जेठमल रावत उर्फ यादव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. श्रीमती कुमारी बाई यादव- पति स्व. जेठमल रावत उर्फ यादव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /12409/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024**
**रायपुर, दिनांक 25-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12409**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K01354** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARSHATA BHARGAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIVAM ACHARYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. MITALI BHATTACHARYA W/O SUBHASH CHANDRA BHATTACHARYA 2. UJJAINI BHATTACHARYA W/O SAKET SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. MITALI BHATTACHARYA W/O SUBHASH CHANDRA BHATTACHARYA 2. UJJAINI BHATTACHARYA W/O SAKET SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./12085/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12085**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445A0370A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RENU BEHL, RICHA BEHL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARBHAJAN BEHL, VISHAL SAGAR BEHL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RICHA BEHL AND VISHAL SAGAR BEHL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI VISHAL SAGAR BEHL AND S/O SHRI HARBHAJAN BEHL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./12271/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12271**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445J00400** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **STRONG GOLD CEMENT PVT LTD DIRECTOR- MUKESH AGRAWAL, NIYAJ MOHAMMAD GORI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NANAKCHAND AGRAWAL, NOOR MOHAMMAD GORI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI RAMESH KUMAR BHAWNANI AND SMT. SHRISHTI BHAWNANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI MOTUMAL BHAWNANI AND W/O SHRI RAMESH KUMAR BHAWNANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./12127/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12127**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446E00205** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHANTI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJALDAS SINDHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HARESH KUMAR DODAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI GURBUX DODAI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./12086/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12086**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445B00254** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PAWAN KUMAR RIJHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTRAM RIJHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR JAISWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI PREMCHAND JAISWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

**पत्र क्र./12084/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 24-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12084**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445J00194** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUREKHA JAIN, SANTOSH JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **J.K. JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. ANITA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI SHYAM SUNDER AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./12238/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 25-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12238**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00626** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIJAY SHAH S/O LATE. SHIVJI BHAI SHAH PATNER VIJAY MIL AND ELECTICAL STORS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती पिंकी जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री नटवरलाल जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./12237/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 25-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12237**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR235J0259A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJESH MANCHANDA HUF KARTA RAJESH MANCHANDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **K.M. MANCHANDA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रचना सिंह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./12327/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024**
**रायपुर दिनांक : 25-06-2024**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 12327**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220F00143** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAMESH KUMAR MEGHANI, SURESH KUMAR MEGHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. TARACHAND MEGHANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री सागर सचदेव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री दर्शन लाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# ग्राम बहरमुड़ा में उल्टी-दस्त की रोकथाम के लिए प्राथमिक स्कूल में बना अस्थायी कैंप

## कलेक्टर ने बहरमुड़ा पहुंचकर लिया जायजा, सीईओ को दिए सभी पहलुओं की जांच के निर्देश



**कवर्धा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर जनमेजय महोबे रविवार को कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम बरहमुड़ा में उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुधार की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होने ग्राम बहरमुड़ा में उल्टी-दस्त को प्रभावित रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने इन विभागों को ग्राम सहित आसपास के गांवों में भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होने ग्राम बहरमुड़ा के प्राथमिक स्कूल में बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य कैंप का भी अवलोकन किया और वहां उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्थायी कैंप में तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमलों से उल्टी-दस्त से प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य सुधार के बारे में पूरी जानकारी ली। कलेक्टर से ग्राम बहरमुड़ा के ग्रामीणों ने ग्राम सचिव की बेहद और गंभीर शिकायत की। कलेक्टर ने ग्राम सचिव के विरूद्ध मिली शिकायत की जांच करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को शिकायतों की सभी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि ग्राम बहरमुड़ा में 21 जून को उल्टी दस्त से 10 मरीज, 22 जून को 18 मरीज और 23 जून को 2 मरीज कुल 30 लोगों का अस्थायी स्वास्थ्य कैंप में बेहतर उपचार किया गया और प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सकुशल छुट्टी दी गई। वर्तमान में उल्टी-दस्त से कोई गंभीर पीडित नहीं है। कलेक्टर महोबे ने ग्राम के सभी घरों में स्वास्थ्य अमला भेज कर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने और उल्टी-दस्त के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उनहोने अस्थायी कैंप में 24 घंटे चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमलों को अलर्ट रहने के सख्त निर्देश दिए है।कलेक्टर ने उपस्वास्थ्य केन्द्र बुटकुली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदौरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में भी उल्टी-दस्त एवं मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मानसून की सक्रियता से बढ़ी किसानों की आस, रोपाई के लिए थरहा की तैयारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मानसून की सक्रियता ने जिले के किसानों की व्यस्तता बढ़ा दी है। एक जून से अब जिले में 762.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है। पिछले चार दिनों के भीतर हुई 358.9 मिलीमीटर वर्षा ने धान की बोआई में तेजी ला दी है। जिले में 17 प्रतिशत बोआई पूरी हो चुकी है। जिन किसानों ने सूखा बोआई की थी उनके खेतों में अब धान की हरियाली दिखने लगी है। वर्षा का साथ रहा तो आगामी 15 जुलाई तक खेतों में थरहा रोपाई का काम शुरू हो जाएगा। मानसून ने किसानों के लिए अनुकूल बोआई की राह खोल दी है। खरीफवर्ष में इस बार जिला कृषि विभाग ने 1,02,340 हेक्टेयर में अनाज की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें 97,130 हेक्टेयर में धान और 3,910 हेक्टेयर में कोदो, कुटकी, रागी और मक्का की बोआई को वरीयता दी गई है। धान के अलावा किसानों ने दलहन और तिलहन के बोआई की भी तैयारी शुरू कर दी है। सामान्य धान के अलावा इस बार सुगंधित धान की प्रदर्शनी खेती 1200 हेक्टेयर में की जा रही है। दलहन के रकबा को जहां 10 हजार 920 से बढ़ाकर 16 हजार 200 कर दिया गया है। वहीं तिलहन तिलहन के रकबा को 3,510 से बढ़ाकर 5,200 हेक्टेयर कर दिया गया है। दलहन और तिलहन की बोआई धान बोआई के बाद होगी। बहरहाल कृषि विभाग की ओर इस बार धान खेती के लिए किसानों को रोपा व बोता विधि को अपनाने के लिए कहा जा रहा है। दोनों की विधि से खेती के लिए 9157 हेक्टेयर में बोआई की जा चुकी है। जिन किसानों ने सूखा बोआई किया उनके लिए वर्षा वरदान साबित हो रहा है। जिले में ज्यादातर किसान रोपा व बोता विधि से खेती करते हैं। खास बात यह है कि थम-थम कर हो रही वर्षा से खेतों में पानी भराव की नौबत नहीं। ऐसे में किसानों के खेतों की जोताई कराने में आसानी हो रही है। आसमान में बदली के साथ वर्षा जारी है। वहीं उमस का असर भी बरकरार है। किसानों की माने तो लगातार वर्षा फसल के तैयार होने में बाधा होगी। वर्षा के अलावा धूप भी फसल को तैयार होने के लिए जरूरी हैं। बताना होगा कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार मानसून की सक्रियता तेजी से बढ़ी है।

# बताती में उत्पात मचाकर हाथियों का झुंड पहुंचे केराकछार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा वन मंडल में हाथियों की सक्रियता बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार 10 हाथियों का झुंड ग्राम पसरखेत से आगे बढकर कोरबा रेंज के दरगा होते हुए अब केराकछार पहुंच गया है। हाथियों ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में ग्राम बताती में एक ग्रामीण के बाड़ी में लगे फेंसिंग तार व खंभे को तोड़ दिया इतना ही नही केले और सब्जी की फसल को भी चैपट कर दिया। डिप्टी रेंजर केशरवानी ने बताया कि बढ़ी संख्या में हाथियो के केराकछार पहुंचने पर वन अमला सतक हो गया है। केराकछार व आसपास के गांव में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को सावधान कर दिया गया है। 10 हाथियो के अलावा तीन हाथी धरमजयगढ़ वन मंडल से कुदमुरा रेंज के ग्राम चचिया पहुंच गए है। जिसकी निगरानी वन विभाग द्वारा की जा रही है। कटघोरा वन मंडल के 48 हाथी फिलहाल शांत है। बारिश का मौसम शुरू होने के बाद हाथी अब जगह बदलने लगे हैं। कटघोरा वन मंडल के 48 हाथी अलग-अलग रेंज में डेरा जमाए हुए हैं। एतमानगर रेंज में 26 हाथियों का झुंड कोदवारी के जंगल में है। केंदई रेंज में भी 9 हाथियों का झूंड घूम रहा है। 13 हाथी जटगा रेंज में एक सप्ताह से घूम रहे हैं। अब तक किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं आई है। रेंजर देवदत्त खांडे ने बताया कि हाथी अभी अधिकांश समय जंगल में रह रहे हैं।

# आयुक्त से शिकायत के बाद निगम का सफाई अमला जागा

### मोतीसागरपारा में पहुंचकर की कचरे की साफसफाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** निगम आयुक्त से की गई शिकायत के बाद नगर निगम का स्वास्थ्य अमला अब जाग गया है। आज सुबह मोतीसागरपारा पहुंचकर यहां सडक के निकट खुले में पड़े कचरों की न केवल साफ-सफाई की बल्कि इसे एसएलआरएम सेंटर के हवाले किया। कचरे की साफ-सफाई होने से वार्ड वासियों ने राहत महसूस की है। साथ ही साथ इस प्रकार की सक्रियता सफाई के प्रति आगे भी जारी रहने की अपेक्षा की है। याद रहे नगर निगम के वार्ड क्रमांक 7 मोतीसागर पारा में सडक के निकट कचरा खुले में काफी दिनों से पड़ा हुआ था। जिसे उठाने तथा साफ-सफाई करने के प्रति नगर निगम का सफाई अमला गंभीरता नहीं दिखा रहा था। कचरे की वजह से वार्डवासियों के साथ मार्ग से आने-जाने वालों को परेशानियां उठानी पड़ रही थी। वार्ड के लोगों द्वारा बार-बार इसकी शिकायत किये जाने के बावजूद निगम के संबंधित अधिकारी गंभीर नहीं हुए थे तब अधिवक्ता धनेश सिंह ने इस समस्या के संबंध में अवगत कराते हुए आयुक्त से शिकायत की, अधिवक्ता की शिकायत व खबर प्रकाशन के बाद निगम का सफाई अमला आज तडके मोतीसागर पारा पहुंचा और कचरे की साफ-सफाई कर इसे एसएलआरएम सेंटर पहुंचाया।

# कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने, सड़क सुरक्षा को बढावा देने, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने हेतु जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गयी थी। जिसमें कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने हैलमेट, सीट बेल्ट (चार पहिया वाहन) व ड्रिंक एण्ड ड्राइव केस को लेकर शक्ति बरतते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में ब्लैक स्पॉट व डेथ ऑडिट जैसे बिंदुओं को लेकर भी महत्त्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम. आर. आहिरे भी उपस्थित थे। जिन्होंने पुलिस विभाग के साथ उपस्थित संबंधित विभागों को समय समय पर सयुंक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। आमजन आगे आये और बने गुड सेमेरिटन- कलेक्टर ने जिले वासियों से अपील की है कि जिले के नागरिक दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा की स्थिति में स्वेच्छा से आगे आये और गुड सेमेरिटन बने। इससे ना केवल आप एक नेक कार्य का हिस्सा होंगे, इसके साथ ही नेक सेमेरिटन योजना अंतर्गत 5000 रू की राशि भी पुरस्कार के रूप में प्राप्त होगी। इसके साथ ही बैठक में स्कूल बसों की जॉच, सड़क दुर्घटना की स्थिति में त्वरित उपचार की व्यवस्था एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम, छात्र/छात्राओं का यातायात संबंधी प्रशिक्षण, सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले साईन बोर्ड एवं होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही, सड़कों/फुटपाथ तथा पार्किंग स्थलों में अतिक्रमण, सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले आवारा पशुओं को हटाने के संबंध में कार्ययोजना, प्रकाश की व्यवस्था, सड़कों में सड़क सुरक्षा उपाय इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वृहद चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पुलिस ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए सजग कोरबा के तहत जागरूकता अभियान चला रहा

### पसान, मोरगा और जटगा पुलिस के द्वारा गाँव में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया




**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए 'सजग कोरबा' के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। थाना/चैकी प्रभारीगण उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण, कृषक, मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पसान, चैकी मोरगा एवं जटगा के द्वारा ग्राम तेलियामार, उच्चलेंगा एवं रावा में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया। बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहाँ गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं मालवाहक गाड़ियों में सवारी नहीं बैठाने के संबंध में भी बताया गया। वहाँ उपस्थित लोगो को डायल 112 एवं हाईवे में आपातकालीन डायल 1033 के बारे में जानकारी दिया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगो को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है ।

## कलेक्टर रोहित व्यास ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बकाया राजस्व मामलों का समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदार नामांकन, सीमांकन, बंटवारा इत्यादि के कार्यों में गति लायें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदन में आवेदक को समय सीमा प्रदाय की जाती है, इसलिए संबंधित अधिकारियों यह सुनिश्चित करें कि इन आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाये। बैठक में स्वामित्व योजना के अंतर्गत मैप-1 एवं मैप-2 का सत्यापन समय-सीमा के अंदर करने, भूमि आबंटन के प्रकरणों में जांच प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने व भू-अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा राशि का वितरण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही भू-राजस्व के वसूली की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिये गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### थर्ड जेंडर के साथ अप्राकृतिक अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के बालको नगर पुलिस ने थर्ड जेंडर के साथ अप्राकृतिक अनाचार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। मिली जानकारी के अनुसार दिनाँक 18.05.2024 को प्रार्थीया ने थाने में एक लिखित आवेदन पेश किया कि पिताम्बर बंजारे के द्वारा प्रार्थीया को शादी का झांसा देकर उसके साथ गाली गलौच मारपीट कर अप्राकृतिक अनाचार किया है कि। प्रार्थीया के आवेदन पर थाना बालकोनगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार था। मामले में पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धर्थ तिवारी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा यू.बी.एस.चौहान एवं उप पुलिस अधीक्षक कोरबा (मुख्यालय) प्रतीभा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालको अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में आरोपी के धरपकड़ हेतु एक टीम तैयार किया गया। टीम के द्वारा लगातार आरोपी पिताम्बर बंजारे पिता धनसाय बंजारे उम्र 27 साल निवासी मुडाभांठा थाना कोसिर जिला सारंगढ की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस को सोमवार को आरोपी की सूचना मिली और पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया ।

### पार्षद नरेंद्र देवांगन ने बरसाती नालों का किया दौरा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने बरसाती नालों का औचक दौरा कर लोगों की समस्या सुनी। इस पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने निगम के अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। वार्ड 16 कोहडिया के कुछ बस्ती हसदेव नदी के तट से लगे हुए हैं। निचली बस्ती होने के कारण बरसाती पानी के भराव होने की समस्या बढ़ जाती है। निकासी नहीं होने से लोगों के घरों में जलभराव की संभावना बनी रहती है। इस पर पार्षद श्री देवांगन ने तत्काल अवरुद्ध नालों की सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून सीजन में नियमित तौर पर सफाई के निर्देश दिए। पार्षद देवांगन ने बताया कि बदलते मौसम से मच्छरों का प्रकोप बढने लगा है। शाम होते ही मच्छरों से लोग परेशान हैं। इस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा जगह जगह गंदगी भी मच्छरों के पनपने की मुख्य वजह है। अब तक निगम ने फॉगिंग मशीन से छिडकाव शुरु नहीं किया है। दरअसल निगम की फॉगिंग मशीन बंद पड़ी है। अब तक इसका मेंटनेंस नहीं किया जा सका है। पार्षद ने जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

### कैंसर परीक्षण बस की दो दिन मिलेगी सेवा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की ओर से कैंसर परीक्षण बस के माध्यम से देशभर में नि:शुल्क कैंसर परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि बस का छत्तीसगढ में पहला आगमन कोरबा में 24 जून को हो रहा है। इसका शुभारंभ संस्था के दर्री जमनीपाली शाखा से होगा। पहले दिन सोमवार को साडा कालोनी दर्री स्थित अग्रसेन भवन में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। बस के माध्यम से प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा कैंसर जांच की जाएगी। वहीं अगले दिन मंगलवार को कोरबा शहर के बुधवारी बायपास रोड स्थित विवेकानंद सेवा सदन में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद बस चांपा, रायपुर, पिथोरा समेत अन्य शाखाओं में सेवा देते हुए ओडिशा चली जाएगी। मनीष अग्रवाल ने क्षेत्र के लोगों से शिविर में पहुंचकर निरूशुल्क कैंसर जांच कराने की अपील की है।

### सांप काटने से मासूम की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रात को जमीन पर सो रही एक मासूम को सांप ने काट दिया, जिससे मासूम की मौत हो गई। घटना चैतमा चैकी अंतर्गत ग्राम माखनपुर की है। बताया जा रहा है कि चोढ़ा रामपुर निवासी मासूम जान्हवी कुमारी अपने नाना के घर माखनपुर आई थी। खाना खाने के बाद अपनी मां के साथ जमीन पर बिस्तर बनाकर सो रही थी। इस बीच देर रात जान्हवी कुमारी अचानक रोने लगी। चीख सुनकर स्वजन की नींद खुल गई और क्या हुआ पूछते परिवार के सभी सदस्य जमा हो गए। स्वजनों को समझ नहीं आ रहा था कि आखिर बच्ची को क्या हुआ। जब तक सांप काटने की बात समझ आइ, तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल ले जाने के लिए संजीवनी एक्सप्रेस 108 में काल किया, किंतु संपर्क नहीं हुआ। आनन फानन में गांव के बोलेरो पाली अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम बच्ची को मृत घोषित कर दिया, चिकित्सकों ने बताया कि मासूम की शरीर से सांप काटने के निशान मिले।

# संपादकीय

## शांति शिखर सम्मेलन

रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का रास्ता तलाशने के उद्देश्य से इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में एक शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें करीब 90 देशों ने हिस्सा लिया। विश्लेषकों का मानना है कि दो वर्षों के बाद युद्ध विराम को लेकर आयोजित इस शांति शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यथार्थपरक है, लेकिन यह आकलन वास्तविकता से कई अर्थों में भिन्न है। सम्मेलन में करीब 100 प्रतिनिधिमंडल आये थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देशों से थे और ये सभी रूस विरोधी थे। यह शिखर सम्मेलन युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के उद्देश्य से कोसों दूर इसलिए भी रहा है इसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया। रूस सबसे महत्त्वपूर्ण हितधारक है और जब तक रूस और यूक्रेन वार्ता की मेज पर एक साथ नहीं बैठेंगे तब तक शांति का कोई परिणाम ही सामने नहीं आएगा। इस शांति शिखर सम्मेलन से ठीक पहले जी-7 देशों के सम्मेलन में दुश्मन देश रूस की जब्त 4177 अरब रुपए की संपत्ति यूक्रेने को देने की घोषणा की गई है। यूक्रेन को एक तरफ नाटो देश हथियार दे रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिका लगातार फंड दे रहा है। अमेरिका बार-बार कह रहा है कि यूक्रेन को इस तरह की मदद लगातार मिलती रहेगी। अब अगर जी-7 देशों की घोषणा के मुताबिक रूस की जब्त संपत्ति यूक्रेन को दी गई तो एक नया मोर्चा खुल जाएगा। यह दो दिवसीय शांति सम्मेलन था। अंतिम दिन यानी रविवार को एक साझा बयान जारी किया गया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाया गया है।भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त को नामंजूर करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन देशों का मानना है कि इस शर्त से टकराव की स्थिति बनी रहने की आशंका है। भारत ने सार्वजनिक रूप से कभी भी रूस को आक्रामक देश नहीं कहा है जैसा कि पश्चिमी देश मानते हैं। पिछले दिनों एक जनमत सर्वेक्षण में यह बात सामने आई थी कि यूक्रेन की एक बड़ी आबादी का विजय के संदर्भ में निराशावादी रुख है। वे सीमित युद्ध परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह भी सत्य है कि दो साल से जारी इस भीषण युद्ध के बाद भी जेलेंस्की और पुतिन दोनों के लिए विजय मृगतृष्णा बनी हुई है। युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के लिए पश्चिमी देशों को स्वप्नद्रष्टा होने की बजाय जमीनी हकीकत को समझना होगा।

# वर्षा ऋतु में आहार विहार एवं उपवास

डॉ शैलेष जैन



आयुर्वेद का मुख्य प्रयोजन स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा रोगी मनुष्य के रोग की चिकित्सा करना है। इस प्रयोजन की सम्पूर्ति हेतु आचार्यों ने दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या का विधान बताया है।आयुर्वेद में हर एक मौसम के अनुरूप जीवनशैली और खानपान के नियम बताए गए हैं। आयुर्वेद के इन नियमों को ऋतुचर्या कहते हैं। हमारे देश में छह ऋतुएं आती हैं। इनमें से एक वर्षा ऋतु भी है। वर्षा ऋतु को वर्षाकाल, वर्षामास, चौमास अथवा चातुर्मास के नामों से भी जाना जाता है। छह ऋतुओं में यदि वर्षा ऋतु न हो, तो बाकी की ऋतुएं महत्वहीन हो जाती हैं। इसके बिना उनका सारा सौंदर्य जाता रहता है। वर्षाकाल ही अपने शीतल जल से धरती मां की प्यास बुझा कर उसे उर्वर बनाता है। बदले में धरती मां हमें धन-धान्य से परिपूर्ण कर वैभवशाली बनाती है और इस प्रकार हमारी ही नहीं, इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी प्राणियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। वर्षाकाल से ही हमारा ऋतु चक्र संभव हो पाता है। वर्षा न हो तो सूखा और अकाल पड़ना अवश्यंभावी है। वर्षाकाल आते ही कुछ स्वाभाविक बदलाव प्रकृति में होने लगते हैं, जिनमें पर्यावरण का परिवर्तन सबसे प्रमुख है। जहां वर्षा का शीतल जल वातावरण को ठंडक प्रदान कर सुहावना और प्रिय बना देता है, वहीं यह नाना प्रकार के जीवों की उत्पत्ति में भी सहायक बनता है। वर्षाकाल जप-तप और त्याग को निमंत्रण देता है। इन सबका संबंध मन की स्वस्थता व आत्मशुद्धता से है। विचारों की एकाग्रता से मन स्वस्थ रहता है। आहार की स्वल्पता से तन को स्वस्थ रहने में सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त वर्षा ऋतु में बहुत से पदार्थ बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं। उनका सेवन शरीर के लिए हानिकारक है इसलिए वर्षाऋतु में उपवास का महत्व बढ़ जाता है। तप इस ऋतु में तन को निरोग रखता है। ऋतु चक्र और पर्यावरणीय विशेषताओं को ध्यान में रख कर निर्धारित किए गए हमारे धर्माचार हमारे जीवन को प्रकाशित कर हमें सन्मार्ग की ओर ले जाते हैं, जिससे हमारा जीवन सुगंधित बनता है।अतः वर्षाकाल हमारे जीवन का सुनहरा अवसर है। इस से लाभ प्राप्त करने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। इन दिनों प्रकृति की समस्त कृपा हम पर बनी रहती है। शारीरिक दृष्टि से जप, तप, स्वाध्याय और मनन-चिंतन इस ऋतु में आवश्यक है, क्योंकि प्रकृति का परिवर्तन हमारे शरीर को प्रभावित करता है। जप-तप करने से इस परिवर्तन का कोई दुष्प्रभाव हम पर नहीं पड़ता। आयुर्वेद में काल को वर्षा, शरद, हेमन्त, शिशिर, बसन्त, ग्रीष्म इन छः ऋतुओं में बाँटा गया है। इन ऋतुओं में पृथक-पृथक् चर्या बतायी गयी है। यदि मानव इन सभी का ऋतुओं में बतायी गयी चर्याओ का नियमित व विधिपूर्वक पालन करता है, तो किसी प्रकार के रोग उत्पन्न होने की सम्भावना नहीं रहती है, अन्यथा अनेक मौसमी बिमारियों से ग्रस्त हो जाता है। मौसम के बदलाव के साथ ही खान-पान में बदलाव जरूरी है, ये बदलाव करके मौसमी-रोगों से बचा जा सकता है। वर्षा, शीत या उष्ण ऋतुओं में मात्रापूर्वक भोजन करने पर बल-वर्ण और आयु की वृद्धि तो दूर रही, व्यक्ति बीमार पड़ जाते हैं। जो व्यक्ति यह जानता है कि किस ऋतु में किस प्रकार का विहार (व्यवाय-व्यायाम अभ्यंग निद्रा आदि) और आहार अनुकूल पड़ता है तथा तदनुसार ही आहार- विहार करता है, उसी पुरुष के माषापूर्वक अशित, पोत, लौढ या खादित आहार से उसके बल और वर्ण श्री वृद्धि होती है। हमारे यहाँ वर्ष का तीसरी ऋतू वर्षा ऋतू होती हैं।यह जुलाई से अक्टूबर तक वर्षाकाल होता हैं। शुरू शुरू में आकाश मेघों से घिरा रहता हैं,इससे कड़ी गर्मी पड़ती हैं और पसीना अधिक आता हैं।स्वास्थ्य की दृष्टि से वर्षा का आरम्भ और अंत दोनों कष्टकाल होते हैं।गर्मी के कारण मनुष्य का शरीर अत्यंत दुर्बल होता हैं।दुर्बल शरीर में एक तो जठराग्नि दुर्बल होती हैं और वर्षा ऋतू आ जाने से दूषित वातादि दोषों से दुष्ट जठराग्नि और भी दुर्बल हो जाती हैं।इस ऋतू में भूमि से वाष्प निकलने,आकाश से जल बरसने तथा जल का अम्ल विपाक होने से जब अग्नि का बल क्षीण हो जाता हैं तव वातादि दोष प्रकुपित हो जाते हैइसलिए इस ऋतू में अत्यंत सावधानी की जरुरत होती हैं । ज्यादातर हेल्थ प्रॉब्लम्स हाथों की गंदगी से शुरू होती है इसलिए जब भी कुछ खाएं, पहले हाथ धो लें। बिना हाथ धोए कोई भी चीज टच न करें। यहां तक कि अपने बाल और स्किन को भी नहीं। अगर नाखून बढ़ाने के शौकीन हैं, तो बारिश के मौसम में इन्हें छोटा ही रखें क्योंकि नाखून में फंसी गंदगी भी बीमारियों का कारण बन सकती है।

### वर्षा ऋतु में पथ्य आहार- विहार

- कड़वे और नमकीन टेस्ट वाली चीजों का सेवन अधिक करें।

- चावल, छाछ, पतली दही, दूध, कद्दू, करेला, जीरा, अदरक और कच्चे प्याज का सेवन कर सकते हैं।

- बरसात में गैस, अपच जैसी पेट की प्रॉब्लम्स अधिक होती है इसलिए बाहर का खाना या बासी खाना न खाएं।

- अपनी डायट में विटमिन ई और ओमेगा 3 को शामिल करें।

- नींबू, आलूबुखारा, ऑरेंज, आंवला, अमरूद जैसे विटमिन सी से भरपूर चीजें बीमारियों से बचाने के साथ ही स्किन को भी फ्रेश करने का भी काम करती है।

### वर्षा ऋतु में अपथ्यआहार- विहार

- पत्तेदार सब्जियां मॉनसून में बिलकुल न खाएं। इनमें सेल्यूलोज होता है, जो बारिश के मौसम में ठीक तरह से डाइजेस्ट नहीं हो पाता।

- स्ट्रीट फूड और फास्ट फूड से करें परहेज।

- पहले से कटे और खुले में रखे फल बिलकुल न खाएं।

- तेज नमक वाला खाना या खट्टी चीजें खाने से परहेज करें।

- बहुत ज्यादा तला-भुना खाना भी न खाएं।

### गीले कपड़ों से करें तौबा

अगर आप बारिश में भीग गए हैं, तो जितनी जल्दी संभव हो खुद को सुखाकर साफ कपड़े पहन लें। खासतौर पर गीले अंडरगार्मेंट्स को पहनकर रखना फंगल इन्फेक्शन की वजह बनता है। इसके अलावा जूते, मोजे को भी हमेशा सूखा रखें। हफ्ते में एक दिन जूतों को कुछ देर धूप में रखें, जिससे उसमें मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाए।

### घर की साफ-सफाई है जरूरी

घर के आसपास पानी न जमा होने दें। इससे मच्छर व दूसरे कीटाणु पैदा नहीं होंगे। घर को नमी से बचाने के लिए जहां लीकेज हो रहा हो, उसे तुरंत ठीक करवा लें। कई बार दीवारों में नमी होने से भी घर में कीड़े हो जाते हैं। घर के हर एंट्रेस गेट पर फ्लोर मैट लगाएं। इससे कीचड़ घर के अंदर नहीं आएगा। साथ ही, एंट्रेस गेट के किसी कोने में शू रैक रखें। इससे बारिश में भीगकर आए जूते वहीं उतारे जा सकेंगे। मॉनसून में किचन को बदबू से बचाने के लिए रोजाना स्प्रे करें। किचन में चीटियां न आए, इसके लिए सिरके से 2-3 बार वाइप करें। रात को नालियों में पेस्टिसाइड्स डालें, जिससे कॉकरोच घर के अंदर जगह न बना पाएं।

### न ठहरे स्किन पर पसीना

स्किन को हेल्दी रखने के लिए दिन में दो बार साबुन लगाकर नहाएं। एक-दूसरे के तौलिया और कपड़ों का प्रयोग न करें। स्किन पर पसीना न ठहरने दें। इसे किसी साफकपड़े से पोंछते रहें नहीं तो फंगल इंफेक्शन का खतरा बना रहता है। पसीने की समस्या से बचने के लिए डिओड्रेंट या टैलकम पाउडर यूज करें। वर्षा ऋतू में नदी,तालाब का पानी भूलकर नहीं पीना चाहिए।कुए का पानी भी कपडे की दो तहों में छानकर पीना चाहिए।यदि हैज़ा,पीलिया,दस्त, ,उलटी आंव जुकाम, खांसी,मलेरिया बुखारआदिआने पर पानी को उबालकर, ठंडा कर पीना चाहिए।वर्षा ऋतू में चारों ओरकीचड सड़ांध-सीलन होने से वातावरण दूषित होने से पेट के विकार और मलेरिया,मोतीझिरा आदि ज्वर इन्ही दिनों होते हैं।इन दिनों थोड़ा भूखा रहना अच्छा होता हैं।इसका एक कारण यह भी हैं की सूर्य उदय न होने से जठराग्नि कमजोर रहती हैं। वर्षा ऋतू में जल में घुला हुआ सत्तू,दिन में सोना, ओस गिरते समय उसमे बैठना या घूमना,व्यायाम,धुप में बैठना और मैथुन छोड़ देना चाहिए। शुरूआती वर्षा से बचना चाहिए कारण उस वर्षा के पानी में धूल और अम्लीयता होने से त्वचा रोग होने की संभावना होती हैं।इन दिनों वात रोगों की वृद्धि की संभावना बहुत होती हैं जैसे सन्धिवात,आमवात,जोड़ों का दर्द। भोजन के साथ पंचकोल का चूर्ण लेना लाभकारी होता हैं।सौंठ,पीपल,पीपलमूल,चव्य और चित्रक मिलाकर पंचकोल चूर्ण बनाकर सेवन से यह दीपन पाचन का कार्य करता हैं। सावन का महीनाआते ही व्रत और उपवास का सिलसिला शुरू हो जाता है। उपवास भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। मेडिकल साइंस भी मानता है कि सही तरीके से यदि फास्टिंग की जाए, तो यह न केवल वजन कम करने में मदद करता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इसके साथ ही यह हार्ट, हाई ब्लडप्रेशर और अस्थमा से संबंधित समस्याओं के इलाज में भी प्रभावी है। आयुर्वेदके अनुसार, मौसम में परिवर्तन के कारण उपवास किया जाता है। उपवास बदलते मौसम में शरीर को समायोजित करने और डिटॉक्सिफाई होने में मदद करता है। इस समय शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, जिसके कारण लोगों को इन्फेक्शन जल्दी होता है इसलिए हल्का भोजन करने की सलाह दी जाती है। कुछ लोगों के लिए उपवास का मतलब पूरे दिन तक भूखे-प्यासे रहना और दूसरे दिन हैवी, डीपफ्राईड फूड करना हैजबकि कुछ लोग उपवास के दौरान दिन भर आलू, आलू के चिप्स, साबूदाने के चिप्स जैसे फैटी फूड का सेवन करते रहते हैं। उपवास के ये दोनों ही तरीके बिल्कुल गलत हैं। इससे स्वास्थ्य को फायदे की बजाए नुकसान ही होता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप उपवास का सही तरीका जानें। डायबिटीज के पेशेंट उपवास न करें। यदि उनकी इच्छा है, तो शुगरलेस हेल्दी फूड लें। डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद ही उपवास रखें क्योंकि ब्लड शुगर लेवल हाई और लो होना दोनों उनके लिए खतरनाक है।

## विशेष लेख

# रोजगार की जरूरत

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है। हाल ही में दुनिया में आर्थिक और रोजगार से संबंधित शोध अध्ययनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होगी। जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 फीसद बेरोजगार युवा थे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत की कुल श्रम शक्ति की भागीदारी दर मात्र 58 प्रतिशत है, जो भारत के एशियाई समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम है। निसंदेह नई गठबंधन सरकार को बेरोजगारी संबंधी चिंताजनक नए आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा। हाल ही पिछले दस वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में कम बहुत है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) के द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों के अनुसार भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2024) में बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है। सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के लोग पहली बार श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इससे शहरी रोजगार के बाजार में गिरावट का पता चलता है। अब नई सरकार के द्वारा देश में असंगठित सेक्टर लघु एवं मध्यम उद्योगों और गिग वर्कर्स की चिंताओं पर भी ध्यान दिया जाना होगा। इन सेक्टरों में करोड़ों लोगों को रोजगार तो मिल रहा है, लेकिन भविष्य एकदम सुरक्षित नहीं है। जून 2022 में प्रस्तुत नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के 77 लाख लोग इस समय गिग इकोनॉमी का हिस्सा हैं। अनुमान है कि 2029-30 तक इनकी संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी।गिग वर्कर्स के लिए बड़ी समस्या नौकरी जाने का खतरा और प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलना है। देश में रोजगार के मद्देनजर महिलाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है। नैसकॉम के मुताबिक भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 फीसद महिलाएं हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 फीसद है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में महिलाओं का रोजगार कम है और भारत के बड़े अवसरों के लिए महिलाओं की कम भागीदारी चुनौतीपूर्ण है। निश्चित रूप से नई गठबंधन सरकार को देश की नई पीढ़ी को जॉब सीकर यानी नौकरी की चाह रखने वाले से ज्यादा नए दौर के जॉब गिवर यानी नौकरी देने वाले बनाने की तेज रणनीति के साथ भी आगे बढ़ना होगा। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह नई पीढ़ी के द्वारा स्वरोजगार के मौके मुट्ठी में लिए जा रहे हैं। उनकी रफ्तार बढ़ाई जानी होगी। हाल ही में शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में कहा गया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार मिले हैं। इस शोध अध्ययन में रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमईजीपी, पीएमए-जी, पीएलआई, पीएमएवाई-यू, और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 10 वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई स्किल्स से नई पीढ़ी को सुसज्जित करके उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ाए हैं।

# पुस्तक समीक्षा-सामयिक विसंगतियों पर तीखा प्रहार : संतरा गणतंत्र.........

पुस्तक : संतरा गणतंत्र
विधा : व्यंग्य संग्रह
लेखक : राजशेखर चौबे
पृष्ठ : 144
मूल्य: 200 रुपए
प्रकाशन वर्ष : 2024
संस्करण : प्रथम
प्रकाशक : इंडिया नेटबुक प्राइवेट लिमिटेड, नईदिल्ली
समीक्षक : डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा



अनुभव रचनाकार को परिपक्व बनाते हैं और अनुभूतियाँ एवं संवेदनाएँ उसके साहित्य को नवीनता से परिपूर्ण करती हैं। इस बात की पुष्टि करता है राजशेखर चौबे जी का नया व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र'। यह चौबे जी का चौथा व्यंग्य संग्रह है। इससे पहले वे तीन व्यंग्य संग्रह आजादी का जश्न, स्ट्राइक 2.0 और निठल्लों का औजार - सोशल मीडिया हमारे सामने रख चुके हैं।

राजशेखर चौबे हिंदी व्यंग्य साहित्य के पुरोधा हरिशंकर परसाई जी को अपना आदर्श मानते हैं। यही कारण है कि उन्होंने परसाई जी के जन्म शताब्दी वर्ष में प्रकाशित अपनी यह पुस्तक हरिशंकर परसाई जो को ही समर्पित की है। इसमें उनका परसाई जी से संबंधित एक व्यंग्य भी शामिल है - सपने में परसाई। इस व्यंग्य में चौबे जी ने परसाई जी के मुँह से क्या खूब कहलवाया है, स्वर्ग में सब सुविधा है, पर व्यंग्य के विषय नहीं हैं। फिर भी मुझे लगता है कि काश ! आज मैं इंडिया में होता। आगे परसाई जी कहते हैं, मैं न पहले डरा, न अभी होता, तो डरता। वैसे डरने वाले को व्यंग्य लिखना ही नहीं चाहिए।

वैसे हरिशंकर परसाई जी ने भी एक जगह लिखा है, सच्चा व्यंग्य जीवन की समीक्षा होता है। वह मनुष्य को सोचने के लिए बाध्य करता है। अपने से साक्षात्कार करता है। चेतना में हलचल पैदा करता है। जीवन में व्याप्त मिथ्याचार, पाखण्ड, असामंजस्य और अन्याय से लड़ने के लिए तैयार करता है। इस कसौटी पर राजशेखर चौबे की रचनाएँ खरी उतरती हैं।


इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड से प्रकाशित कुल 144 पृष्ठों की पुस्तक 'संतरा गणतंत्र' में राजशेखर चौबे जी की विभिन्न विषयों पर लिखी हुई 56 व्यंग्य रचनाएँ संगृहीत हैं। प्रथम दृष्टया इसका आवरण पृष्ठ पाठकों को एक बार अंदर के पन्ने पलटने के लिए प्रेरित करता है। इस पुस्तक की भूमिका लिखी है - प्रख्यात व्यंग्य आलोचक रमेश तिवारी जी ने। रही बात चौबे जी की व्यंग्य के धार की, तो वह कहीं भी कमजोर नहीं पड़ी है। पहले व्यंग्य या कहूँ आवरण पृष्ठ से लेकर छप्पनवें व्यंग्य तक ऐसा लगा कि इस स्तर का व्यंग्य एक छप्पन इंची छाती वाले व्यंग्यकार के ही बस की बात है। 'संतरा गणतंत्र' में चौबे जी लिखते हैं, यह जननायक सोशल मीडिया का कीड़ा है। इन्होंने विवाह भी नहीं किया है और सोशल मीडिया ही इनका जीवन-साथी है। जनता को भरमाने में इन्हें महारत हासिल है। ये प्रायः कहते हैं, मेरा क्या है, मैं तो अपना लैपटॉप उठाकर चल दूँगा और भोली-भाली जनता इसे सच मानकर इनकी खुशामद पर उतारू हो जाती है।

साहित्य की विभिन्न विधाओं में व्यंग्य साहित्य का अपना अलग ही महत्व है। एक अच्छा व्यंग्यकार अपनी रचनाओं में मानव जीवन की जटिलताओं और उसके संघर्षों की अपने अलग ही अंदाज में अभिव्यक्ति करता है।

'संतरा गणतंत्र' पुस्तक का नाम ही नहीं, उसमें संग्रहीत बहुसंख्यक शीर्षक भी एक उत्कृष्ट व्यंग्य का आभास कराते हैं। संवाद शैली में लिखी गई उनकी अनेक रचनाएँ जैसे ठगराज, कोहिनूर की चोरी, दु:स्वप्न, नेता का इस्तीफा, गिरावट का दौर, नेता से कम नहीं छोरियाँ, जाको राखे साइयाँ, तुम्हीं ने दर्द दिया है, तेल की धार, तथास्तु, दो लड़कियों की बातचीत, टी शर्ट और सूट का आमना-सामना, सत्य से मुठभेड़, टमाटर का औसत मूल्य, सपने में परसाई, बैल हमारा बाप है, लोकतंत्र के प्रहरी आदि बहुत ही प्रभावशाली बन गई है।

चौबे जी सीधे-सादे शब्दों में बहुत ही गंभीर बात कह देते हैं। दो लड़कियों की बातचीत में उन्होंने लिखा है, मैं गॉड से केवल एक ही बात कहूँगी कि वे भविष्य में लड़कियों का उत्पादन आर्टिफिशल इंटिलिजेंस से करें, जिनके भीतर सब कुछ हो, सिवाय भावनाओं के, ताकि वे इस दर्द को झेल सकें।

भाषायी दृष्टि से देखा जाए, तो राजशेखर चौबे जी के व्यंग्य की भाषा अत्यंत सहज, सरल एवं प्रवाहमयी है। इनके व्यंग्य को हर वर्ग का पाठक आसानी से समझ सकता है। उनकी व्यंग्य रचनाओं का एक मजबूत पक्ष यह भी है कि वे अंग्रेजी, उर्दू




एवं फारसी भाषा के बोलचाल के शब्दों को भी उपयोग करने में गुरेज नहीं करते। उनके व्यंग्य में कौतुहल, कल्पनाशीलता, मनोविज्ञान एवं मनोरंजन की भरपूर सामग्री विद्यमान हैं। एक उदाहरण देखिए, आज नेता को राज करना और राजधर्म भले न आए, परन्तु राजनीति अवश्य ही आना चाहिए, तभी वह सफल होगा। एवरीथिंग इज फेयर इन लव, वार एंड पॉलिटिक्स। यही लोकशाही में नेता की सफलता का मूल मंत्र हो गया है।

राजशेखर जी इस दौर के एक सजग एवं संवेदनशील व्यंग्यकार हैं। उनका व्यंग्य समाज के यथार्थ से जुड़ा हुआ और मानवीय संवेदना से लबरेज है। विषय का चयन हमारे आसपास से ही किया गया है। उनके व्यंग्य अपने आप में मुकम्मल और उद्देश्यपूर्ण हैं, जो पाठकों को मानवीय संवेदना के विविध रंगों से रूबरू कराते हैं। उन्होंने व्यंग्य के माध्यम से समय के सच विशेषकर सामाजिक एवं राजनीतिक विसंगतियों एवं विद्रूपताओं को अपने ही अंदाज में अभिव्यक्त किया है, जिन्हें पढ़कर प्रबुद्ध पाठक सोचने के लिए मजबूर हो जाता है। उन्हें बड़ी से बड़ी विसंगति को भी बिना आक्रोशित हुए बहुत ही सौम्यता के साथ पाठकों के सामने रखने में महारथ हासिल है।

हमें आशा ही नहीं, वरन पूर्ण विश्वास है कि 'संतरा गणतंत्र' को व्यंग्यकार, व्यंग्य साहित्य प्रेमी और इस क्षेत्र के शोधार्थी हाथोंहाथ लेंगे।

-डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा/रायपुर, छत्तीसगढ़

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### भाग्योदय में नया तीर्थ बन रहा है, सभी दान दें : मुनि श्री निष्पक्ष सागर जी महाराज



**सागर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के आशीर्वाद से सागर वालों नया तीर्थ बनाने का आशीर्वाद मिला है सर्वतोभद्र चतुर्मुखी जिनालय जब पूर्ण हो जाएगा तो सागर के लिए एक नया तीर्थ मिलेगा और विश्व भर के श्रद्धालु इस तीर्थ के दर्शन करने के लिए आएंगे और जैन तीर्थ क्षेत्रों में भाग्योदय तीर्थ का नाम भी जुड़ जाएगा। यह बात मुनिश्री निष्पक्ष सागर महाराज ने भाग्योदय तीर्थ में प्रवचनों में कहीं। मुनिश्री ने कहा कि भाग्योदय तीर्थ विश्व में वह पावन भूमि है जहाँ पर आचार्य श्री के सानिध्य और आशीर्वाद से 6 पंचकल्याणक गजरथ महामहोत्सव हुए है और सर्वतोभद्र जिनालय बनने के बाद यहाँ पर 7 वां पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव 7 फेरियो के साथ संपन्न होगा। मुनिश्री ने कहा आचार्य श्री ने जन जन के आरोग्य के लिए भाग्योदय अस्पताल का निर्माण कराया था। अब मन्दिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। गुरुदेव ने सागर वालों को इतिहास रचने के लिए आशीर्वाद दिया है और जन जन को इस जिनालय से जुड़ना चाहिए। यह जिनालय का नहीं इतिहास का निर्माण हो रहा है आचार्य श्री की सोच बहुत ऊंची थी। सीमेंट गिट्टी रेत का जिनालय 100 वर्षों के लिये रहता है लेकिन आचार्य श्री ने सागर वालों को हजारों वर्ष का इतिहास रचने के लिए अपने द्रव लगाने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। इससे आपके कर्मों की निर्जरा भी होने वाली है। यह जिनालय जैनत्व की गौरव गाथा गाएगा। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ भाग्योदय तीर्थ में कुछ समय तक प्रवास करेगा। 26 जून को मुनिसंघ के प्रवचन सुबह 8:30 बजे भाग्योदय तीर्थ में होंगे।

### जैन मिलन सेंट्रल का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर 30 जून को

**अशोकनगर ( विश्व परिवार )।** जैन मिलन सेंट्रल द्वारा 30 जून रविवार को जी. के. मैरिज गार्डन गुना रोड पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष वीरेंद्र जैन अथाईखेड़ा एवं मंत्री सुनील बैलई ने बताया कि स्मृतिशेष विजय कुमार जैन एवं स्मृतिशेष जय कुमार जैन अथाईखेड़ा की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों के सहयोग से भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची के संयोजकत्व में आयोजित इस शिविर में इस शिविर में इसमें नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन, डॉ. नीतेश जैन, डॉ. अंकुर जैन, डॉ. प्रेम विश्वास, डॉ. पारस जैन, डॉ. दीपक जैन, डॉ नीलेश जैन, डॉ. शुभम जैन द्वारा मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। सभी रोगियों को निशुल्क दवा प्रदान की जाएंगी संस्था के वीर बंधुओ ने सभी से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री साय से छतीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से गत दिवस छतीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्री हरवंश मिरी के नेतृत्व में कंवर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन में शानदार सफलता अर्जित करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश कंवर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्री मिरी ने मुख्यमंत्री को बताया कि कंवर समाज के टाटीबंध रायपुर स्थित प्रादेशिक कार्यालय में 23 जून को समाज की प्रांतीय प्रबंध कार्यकारिणी के साथ जिला इकाई के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों से लगभग 250 सामाजिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर विभिन्न सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे यात्रियों को दिखाएंगे हरी झंडी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव राज्य शासन के श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 26 जून को अयोध्या जा रहे यात्रियों को दुर्ग रेल्वे स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वे 26 जून को सवेरे 11 बजे रायपुर से सड़क मार्ग से दुर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दुर्ग रेल्वे स्टेशन में पौने 12 बजे श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री साव दोपहर साढ़े 12 बजे दुर्ग से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर सवा एक बजे रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ मुख्यमंत्री निवास में आयोजित आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# 27 जून को मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का अवतरण दिवस, वृक्षारोपण की होगी शुरुआत


**विदिशा ( विश्व परिवार )।** ज्ञान के मोती जन-जन में बिखेरने वाले, पल भर में शंकाओं के समाधान देने तथा पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण के प्रखर बक्ता मुनि श्री ने श्री प्रमाण सागर महाराज का 57 बां अवतरण दिवस है। मुनि श्री का दीक्षा पूर्व गृहस्थ नाम नवीन कुमार जैन था आपका जन्म 27 जून, 1967 को झारखण्ड के हज़ारीबाग में श्री सुरेंद्र कुमार जैन और श्रीमती सोहनी देवी जैन के घर में हुआ। मुनि श्री को वैराग्य नहीं हुआ था बल्कि गुरुदेव की एक झलक ने उनके जीवन का लक्ष्य ही बदल दिया।



4 मार्च 1984 कोछत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में मुनि श्री को आचार्य श्री से ब्रह्मचर्य व्रत मिला, आपकी धार्मिक शिक्षा पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में हुई। आपकी पढ़ाई-लिखाई में इतनी अधिक रूचि थी कि आप तर्क-वितर्क बहुत किया करते थे और तथ्यों के साथ प्रमाण भी मांगा करते थे इसलिए आचार्य श्री ने उनका नाम शंका के सागर कर दिया और दीक्षा नाम भी उनको प्रमाण सागर दिया।आपकी पहले क्षुल्लक दीक्षा, फिर ऐलक दीक्षा तथा सोनागिर तीर्थ क्षेत्र पर 31 मार्च 1988 को महावीर जयंती पर मुनि दीक्षा संपन्न हुई, मुनि श्री ने जैन सिद्धांतों में छुपे वैज्ञानिक तथ्यों को अपनी सरल वाणी, प्रवचनों एवं साहित्य ज्ञान से समस्त दुनिया के जीवों का मार्ग-दर्शन करते हुये संदेश दिये। आपका विश्व भर में शंकासमाधान कार्यक्रम जो कि पारस चैनल, जिनवाणी चैनल एवं प्रमाणिक एप के माध्यम से संपूर्ण विश्व के136 देश के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करता है तथा उनकी समस्याओं में बैज्ञानिक तरीके से समाधान निकलता है। मुनि श्री ने अपने 36 वर्ष के जीवन काल में सामाजिक एवं जीव दया के क्षेत्र में महती योगदान दिया है, मुनि श्री के ह्रदय में हर वर्ग, जाति-समुदाय के लोगों के लिए आपार वात्सल्य और करुणाभाव है। महाराज जी की पावन प्रेरणा से सम्मेद शिखरजी की तलहटी में गरीब, निर्धन, बेसहारा और अशिक्षित लोगों की सहायता के लिए सेवायतन बनाया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ, शिक्षित एवं संस्कारी बनाना है। जो कि लगातार अपनी सेवाएं दे रहा है। आपके माध्यम से दयोदय महासंघ का गठन हुआ जो कि संपूर्ण भारत में 150 से अधिक गौ शालाओं का संचालन कर लाखों पशुओं के प्राणों की रक्षा कर रहा है। आप हिंदी, संस्कृत, प्राकृत और अंग्रेजीभाषा के ज्ञाता हैं, और अब तक 30 से ज्यादा जैन ग्रंथों की रचना कर चुके हैं। जैसे- जैन धर्म और दर्शन, जैन तत्व विद्या, सुखी जीवन की राह, चार बातें, भावना योग, मर्म जीवन का, दिव्य जीवन का द्वार, लक्ष्य जीवन का, घर को कैसे स्वर्ग बनाएं आदि, श्री सम्मेदशिखर में बनने बाला गुणायतन जैन सिद्धान्तों की प्रयोगशाला बनकर मानवमात्र के आत्मविकास का दिव्य द्वार सिद्ध होगा। मुनि श्री की अनूठी एवं आधुनिक देन भावना योग जो कि हमारे तन को स्वस्थ, मन को मस्त और आत्मा को पवित्र बनाने का अभूतपूर्व प्रयोग है। महाराज श्री देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी उतने ही विख्यात है। 2021 में हुए ऑनलाइन संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व धर्म की संसद में महाराज श्री ने भारत से जैन धर्म का प्रतिनिधित्व किया जिससे पूरा जैन समाज गौरवान्वित हुआ। इसी वर्ष ऋषिकुल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वेबीनार में पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण पर मुनि श्री ने अपने विचार प्रकट कर अनेक देशों के श्रोताओं को लाभान्वित किया है।

-अविनाश जैन

## मुनि श्री वीरसागर जी महाराज ससंघ का आज विदिशा नगर में भव्य मंगल प्रवेश



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महामुनिराज के शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 वीर सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश धर्म नगरी विदिशा में दिनांक 26 जून 2024 दिन बुधवार को सुबह 7:00 बजे होगी। सकल दि. जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि संघ का मंगलविहार प्रातः ओल्पस स्कूल धतुरिया से होगा एवं श्री 1008 धर्मनाथ दिग.जैन मंदिर बंटी नगर चौराहा से उनकी मंगल अगवानी की जाऐगी। मुनि संघ नगर के मुख्य मार्ग के जिनालयों की जिन वंदना करते हुये श्री 1008 शांतिनाथ दिग.जैन मंदिर स्टेशन माधवगंज विदिशा पहुँचेगे यहाँ पर धर्मसभा संपन्न होगी श्री सकल दिगम्बर जैन समाज आप सभी से नगर के सभी जिनालयों के पदाधिकारीओं तथा समस्त महिला मुनिसेवक संघ, मुनिराज सेवा समिति, समग्र पाठशाला की शिक्षाकाये, बच्चें, एवं सभी समाजजन से निवेदन है कि पूज्य गुरुदेव ससंघ की मंगल अगवानी में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेवें।

## आर्यिका स्वस्ति भूषण माता जी ने बताया- सुख आत्मा का स्वभाव है



**केशवरायपाटन ( विश्व परिवार )।** परम पूजनीय भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी ने सुखके स्वभाव के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि सुखी कौन है? सुख किससे प्राप्त होता है? अच्छे मकान अच्छे वस्त्र अच्छे भोजन से आदि से यदि सुख प्राप्त होता है तो भगवान के पास इनमें से कुछ भी नहीं है! फिर भगवान सुखी हैं या दु:खी? आपके पास अगर खुद का मकान नहीं है तो कितने दु:खी रहते हैं! हर समय मन में चलता रहता है कि मेरा खुद का मकान नहीं है! सुख आत्मा का स्वभाव है! जैसे रसगुल्ला खाने पर स्वाद जिव्हा को तो आया लेकिन भोग करने वाली तो आत्मा ही है! देखने के लिए आँख स्वाद के लिए जिव्हा ये सब तो माध्यम हैं! आत्मा का स्वभाव है सुख इसलिए हर समय सुख चाहती है और दु:ख से डरती है! एक होता है डायरेक्ट सुख एक होता है इंडायरेक्ट सुख।

जिव्हा ने रसगुल्ला खाया सुख आत्मा ने लिया कौन सा सुख है? इंडायरेक्ट! आँख ने टी वी देखी सुख मिला आत्मा को कौन सा सुख हुआ? इंडायरेक्ट! यह सब भोगने वाली आत्मा है इसलिए कर्म का बंध भी आत्मा को होता है! पांचो इन्द्रियों के माध्यम से जो भोग किया जाता है सुख लिया जाता है वह इंडायरेक्ट सुख है! और जिसमें इन सब चीजों की आवश्यकता ना पड़े और सुखी हो जाओ तो वह कहलाता है डायरेक्ट सुख! अगर संसारी वस्तुओं में सुख होता तो भगवान इन संसारी वस्तुओं को छोड़कर जंगल में नहीं जाते! लेकिन भगवान ने कहा संसारी सुख क्षणिक सुख हैं! इस संसारी सुख के साथ ही दु:ख भी चलता है। इसलिए भगवान ने जंगल में जाकर ध्यान किया तप किया! हम प्रतिदिन मंदिर में जाते हैं भगवान से कौन सा सुख मांगते है डायरेक्ट सुख या इंडायरेक्ट सुख? इंडायरेक्ट सुख तो कमाना पड़ता है मेहनत करना पड़ता है लेकिन डायरेक्ट सुख पाने के लिए तो हाथ पर हाथ रखो पाँव पर पाँव रखो और ध्यान के माध्यम से सुख की अनुभूति कर लो! हम मंदिर में आये मंदिर में भगवान को देखकर भी हमने आंकलन नहीं कर पाया की भगवान इतने सुखी क्यों हैं और हम इतने दु:खी क्यों है तो अभी हम मंदिर आये ही नहीं है! भगवान वीतरागी हो गये हैं हम रागी है यही उनके सुख और हमारे दु:ख का कारण हैं। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## रिश्ते निभाने के लिये बुद्धि की नहीं, भावों की शुद्धि होनी चाहिए : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** वात्सल्य दिवाकर पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता आचार्य श्री पुष्पदंत सागरजी महाराज के परम प्रभावक सुशिष्य साधना महोदधि अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्नसागरजी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागरजी महाराज का चतुर्विध संघ के साथ श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर क आगापुरा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे प्रवचन में कहा कि रिश्ते निभाने के लिये बुद्धि की नहीं...भावों की शुद्धि होनी चाहिए। सत्य कहो, स्पष्ट कहो, सम्मुख कहो- जो अपना होगा, वो समझ जायेगा और जो पराया होगा, वो छूट जायेगा। इसलिए मौका सबको मिलता है, वक्त सबका आता है कोई चाल चल जाता है, तो कोई बर्दाश्त कर जाता है। यदि वाणी, व्यवहार से किसी को नीचा दिखाने की कु-चेष्ठा करते हैं, तो मानकर चलना कि हमें स्वयं को भी नीचा देखना पड़ सकता है। जैसे दूसरे के मुख को काला करने के लिये पहले स्वयं के हाथ को काला करना पड़ता है, या दूसरे को गाली देने से पहले, स्वयं के मन को गन्दा करना पड़ता है या दूसरों को गड्ढे में डालने से पहले, स्वयं को गड्ढे में उतरना पड़ता है। वैसे ही व्यक्ति का स्वयं का कर्म, स्वयं पर ही लौटकर आता है। इसलिए दूसरों की लकीर को तुम स्वयं कभी मत मिटाओ बल्कि अपनी लकीर को इतना बड़ा कर दो कि सामने वाले को उसे मिटाने में तारे जमीं पर दिख जाये। अन्यथा दूसरों की खींची हुई लकीर को मिटाकर, अपनी लकीर को बड़ा करना मूर्खता और पागलपन के ही लक्षण है। आचार्य श्री ने कहा कि हम किसी की कीर्ति, ख्याति, प्रशंसा, गुणों को देखकर या वैभव और बढ़ोतरी देखकर ईर्ष्या, द्वेष से ना जले अपितु ईश्वर की मर्जी मान कर सहज स्वीकार कर लें।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## पंच कल्याणक महोत्सव के चतुर्थ दिवस पूर्ण भव्यता से मनाया गया तप कल्याणक महा महोत्सव

### इच्छाओं के निरोध का नाम ही तप है: मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज



**जतारा ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा के श्री शांति विद्यानगर के नवीन जिनालय में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिवस भगवान के तप कल्याणक महोत्सव की प्रात: बेला में, परम पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज ने तप के बारे में बताते हुए कहा कि इच्छाओं के निरोध करने का नाम ही तप है। तपस्या से बढ़कर सुकून देने वाला कोई दूसरा सुख नहीं है, हम सभी लोग हमेशा सुख को चाहते हैं परंतु काम ऐसे करते हैं कि दुख अपने आप तैयार हो जाते हैं। इच्छाओं की पूर्ति करने के लिए संसारी प्राणी दिन-रात भाग दौड़ कर रहा है इच्छाओं की पूर्ति करते-करते जिंदगी निकल जाती है परंतु यह इच्छाये कभी पूरी नहीं हो पाती बल्कि बढ़ती ही चली जाती है। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि दुनिया में ऐसे भी लोग होते हैं जो काम का श्रेय लेने के लिए सदैव आगे रहते हैं, परंतु कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो चुपचाप काम करते रहते हैं और कभी भी सामने नहीं आते, वास्तव में ऐसे लोगों के द्वारा किया गया अच्छा कार्य एक बहुत बड़े तप के समान होता है।मुनि श्री ने कहा कि पाने की लालसा का त्याग करना ही तप है, उन्होंने कहाआप सभी पंथी तो भले ही बन जाना परंतु अपने-अपने पंथ अथवा अपने-अपने धर्म का कट्टरपंथी मत बनना, अपनों के आने पर समय का पता नहीं चलता है परंतु समय के आने पर अपनों का पता जरूर चल जाता है, इसलिए अपने आप को पहचाने, समय को पहचाने और स्वयं को संयम और त्याग के मार्ग पर ले जाए ताकि हमारा आत्म कल्याण हो सके।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि दोपहर कालीन वेला में राजा आदि कुमार के तप (दीक्षा) के दृश्यांकन को सौरभ जैन एंड पार्टी दिल्ली द्वारा बहुत ही खूबसूरती से पेश किया गया, कल्पवृक्ष की समाप्ति पर राजा आदि कुमार द्वारा प्रजा को जीवन यापन हेतु षट्कर्म- असि, मसि, ऋषि, शिल्प, वाणिज्य, और कला का ज्ञान दिया गया, उसके बाद राजा आदि कुमार के साथ 4000 राजाओं ने भी जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण की। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान धर्मवीर एंड पार्टी भोपाल द्वारा अपनी मधुर स्वर लहरियों से दर्शकों को बांधे रखा। पंचकल्याणक की धर्म सभा का कुशल संचालन प्रतिष्ठाचार्य श्री अशोक भैया जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर ललितपुर, बंधा जी, टीकमगढ़, लिधौरा सहित लगभग एक दर्जन नगरों से आये सैकड़ो लोगों ने महाराज श्री को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किये गये। धर्म सभा में प्रमुख रूप से खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर, नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी नायक, पार्षद बाबूलाल गुप्ता, इंजीनियर संतोष जैन, महेंद्र टानगा, सुरेश मोदी, वीरेंद्र ठेकेदार, प्रकाश रोशन, विजय जैन सगरवारा, पवन मोदी, सुनील बंसल, शैंकी बुखारिया, जूली सिंघई, प्रियंक जैन मांची विमल जैन माते सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। **-अशोक जैन**

## प्राधिकरण मद के स्वीकृत विकास कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र को जल्द करें जारी : कलेक्टर

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत विकास कार्यों का निर्माण पूर्ण होने की स्थिति में उस कार्य की पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र को जल्द जारी करें। प्राधिकरण के सदस्यों के गठन उपरांत सरकार जल्द बैठक करेगी उससे पूर्व सभी विकास कार्यों की आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने इसके साथ ही प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने पर के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को चिरायु योजना के तहत शालाप्रवेश के साथ ही स्कूलों में विजिट प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिस्मेंटल योग्य स्कूल भवन की चिन्हांकन और आवश्यक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि जर्जर स्कूल भवनों को हटाने के निर्देश के उपरांत भी कार्य नहीं करवाने के लिए जनपद सीईओ, बीईओ को जिम्मेदार माना जाएगा।बैठक में इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य, सांसद निधि, विधायक निधि, प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में जन शिकायत, जन चौपाल, पीजी पोर्टल और समय-सीमा की प्रकरण पर चर्चाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत ई-केवायसी की विकासखंडवार समीक्षा, किसान क्रेडिट कार्ड के निर्माण, उद्यानिकी विभाग द्वारा ऑयल पॉम एडीबल ऑयल का विकास, किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन, खाद-बीज भण्डारण-वितरण की स्थिति का संज्ञान लिया। इसके साथ ही एनआरएलएम बैंक लिंकेज एनपीए की समीक्षा, एनआरएलएम को समय पर राशि उपलब्धता, प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति जनपदवार समीक्षा, मनरेगा में मानव दिवस सृजन की स्थिति, मस्टर रोल की स्थिति, अमृत सरोवर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर हुए मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल नई पदस्थापना स्थल में ज्वाइन करने के निर्देश दिए, नहीं करने की स्थिति में बर्खास्तगी की कार्यवाही किया जाएगा। कलेक्टर ने आधार बेस पेमेंट सिस्टम की प्रगति की समीक्षा के दौरान जनपद स्तर पर काम नहीं करवाने पर नाराजगी जाहिर कर जनपद पंचायत के सभी सीईओ को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायत सचिव सहित चार नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

**मोहला-मानपुर ( आरएनएस )।** नक्सलियों का सहयोग करने वाले एक ग्राम पंचायत सचिव सहित 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस व आईटीबीपी ने मानपुर ब्लॉक के मदनवाडा क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नक्सलियों के 4 सहयोगियों को पकड़ा और एक ट्रैक्टर जब्त किया। नक्सलियों का यह ट्रैक्टर सहयोगी किराए से चलाते थे। किराए की आय से नक्सली अपनी दैनिक जरूरतों की पूरा करते थे। यह ट्रैक्टर हार्डकोर नक्सली बलदेव ऊर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी ऊर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग के इशारे पर चलता था। नक्सलियों ने ट्रैक्टर लेवी के पैसे से खरीदा था। सुरक्षाबलों ने सहयोगियों के पास कैश, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, बैंक पास बुक समेत अन्य सामान जब्त किए।

## श्री भुनेश्वर धाम की अनोखी कहानी, जहां बारहों माह भक्तों का लगा रहता है तांता



**राजिम ( विश्व परिवार )।** गरियाबंद जिला के ग्राम पंडरीपानी जो कि घने जंगल के बीच 13 गांव से जुड़े हुआ हैं, जहां श्री 1008 श्री भुवनेश्वर महादेव भगवान के नाम से विशाल शिवलिंग विराजमान है प्राकृतिक सौंदर्य से भरा यह वनांचल क्षेत्र में बारहों माह भक्तों का आना-जाना लगा रहता है, पवित्र सावन मास में दूर-दूर से कांवरियों का शिवलिंग में जल चढ़ाने का तांता लगा रहता है हर हर महादेव ओम नम: शिवाय की जयकारों से पूरा अंचल भक्तिमय हो जाता है वहीं ग्रामीणों के साथ-साथ वहां के संत पुजारी सुबह-शाम नियमित पूजा पाठ करने में लगे रहते हैं, अन्य साधु संतों का भी यहां बड़ी संख्या में आना-जाना लगा रहता है जिससे पूरा वातावरण भक्ति मय है, इसके अलावा विशेष पर्वों पर हवन-यज्ञ प्रवचन, भजन कीर्तन का भी आयोजन होता है जहां बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण जन जुड़ते हैं

बताया जाता है कि यहां जो भी भक्त अपनी मन्नते लेकर आते हैं उसकी सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है, श्री राष्ट्रीय संघ सुरक्षा परिषद जिला गरियाबंद प्रचारक के संत श्री मारुति नंदन शरण जी महाराज श्री भुवनेश्वर धाम में रहकर जन कल्याण हेतु ध्यान-साधना, तपस्या करते हैं उन्होंने बताया कि बाहर से आने-जाने वाले सभी भक्तों, साधकों के ठहरने एवं भोजन की सुविधा भी की जाती है इसके लिए एक सेवा समिति भी बनाया गया है, जिसके पदाधिकारी संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव सहित ग्राम पटेल गेंद सिंह ध्रुव भी सेवा में लगे रहते हैं इस प्रकार यह श्री भुवनेश्वर धाम अपने प्रसिद्धी की ओर अग्रसर है। उक्त जानकारी डॉक्टर लीलाराम साहू ने दी।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक माओवादी ढेर

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिला धमतरी में अमरेश मिश्रा,पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के दिशानिर्देश पर पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के कुशल नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में रविवार को डीआरजी नगरी की टीम नक्सल विरोधी अभियान हेतु थाना खल्लारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुहकोट-आमझर के जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान सुरक्षा बलो द्वारा जंगल-झाड़ियों का सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तभी दोपहर 15:30 बजे ग्राम मुहकोट-आमझर के जंगल के पास नक्सलियों द्वारा घात लगाकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से हथियारों से फायरिंग किया गया। पुलिस अधीक्षक धमतरी एवं डीआरजी. टीम द्वारा भी अपना परिचय बताते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही किया गया। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व अपने आप को घिरता हुआ देखकर नक्सली जंगल/पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। घटना स्थल की गहन सर्चिंग करने के पश्चात एक अज्ञात माओवादी का शव, 01 नग एसएलआर, नक्सल साहित्य, एवं नक्सलियों दैनिक उपयोगी कपड़े आदि बरामद किया गया। नक्सलियों के बरामद सामग्री को लेकर सभी सुरक्षा पार्टी टैक्टिकल मुव्हमेंट करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस आ चुके है।

### अवैध रूप से रेत का भंडारण करते 170 ट्रक रेत जब्त

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में रेत माफिया पर राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 170 ट्रक अवैध रेत जब्त किया है। बड़े राजपुर तहसील के धामनपुर में दो जगहों पर अवैध रूप से रेत जमा किए गये थे। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग को रेत निकालने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसपर राजस्व विभाग ने एक्शन लिया है। राजस्व रविवार को बड़े राजपुर तहसील के धामनपुर में दो जगहों पर अवैध रूप से जमा किए गए 170 ट्रक रेत को जब्त किया गया। अमले की कार्रवाई से रेत माफिया के बीच हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार धामनपुर में रामबाई नेताम की जमीन पर देवनाथ प्रधान ने लगभग 50 हाइवा रेत डंप किया था। रतनू नेताम की जमीन पर बोरगांव के रहने वाले दीपांकर व्यापारी ने लगभग 120 हाइवा रेत का अवैध भंडारण किया था। रेत के भंडारण के संबंध में अनुमति या बेचे गए रेत के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं किए गए। जिसके बाद रेत को जब्त करके पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। वहीं इस संबंध में आरोपियों को खनिज विभाग ने नोटिस भी जारी कर दिया है। रेत जब्ती की कार्रवाई के दौरान एसडीएम अंकित चौहान, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भूपत धनेश्वरी, तहसीलदार फणेश्वर सोम, खनिज अधिकारी गौतम नेताम सहित राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। 000

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टॉस्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बालक एवं कुमार (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत टॉस्क फोर्स की बैठक आहूत की गई गई। बैठक में बताया गया कि बाल श्रम से संबंधित वैधानिक प्रावधानों के कार्यान्वयन सुनिश्चित् करने और प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए बाल श्रम के सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। बच्चों द्वारा ट्रैफिक लाईटों पर सामान बेचने या भीख मांगने की घटनाओं की रिपोर्ट करने की जिम्मेदारी, प्रवर्तन एजेंसियों और गैर सरकारी संगठनों सहित अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बाल श्रम रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने की भी चर्चा की गई। इसके अलावा प्रशिक्षण, सम्मेलन, कार्यशाला, जागरूकता आदि कार्यक्रमों के माध्यम से बाल श्रम के अपराध के बारे में संबंधित विभागों और अन्य हितधारकों को संवेदनशील बनाने, बाल श्रम उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ऐसी रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा की गई।

### डीजीपी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नक्सलियों द्वारा सुकमा में किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवानों को करणपुर कोबरा बटालियन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा सहित पुलिस और सीआरपीएफ के उच्च अधिकारियों ने शहीदों को अंतिम सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी. बता दें कि सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम दिया था. जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे।

## शाला प्रवेशोत्सव की करें तैयारी : कलेक्टर

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को विकास कार्यों की समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में 26 जून से प्रारंभ हो रही शालाओं में प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन करते हुए शाला प्रवेशी बच्चों का स्वागत करने तथा उन्हें किताब, गणवेश इत्यादि वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही असाक्षरों के सर्वेक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पात्र किसानों का इसका लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही खरीफ फसल की तैयारी की समीक्षा की



और खाद-बीज के उपलब्धता की जानकारी लेते हुए किसानों की मांग के अनुसार खाद-बीज का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने केसीसी प्रदान किए जा रहे कार्य की समीक्षा करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी पात्र किसानों से आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। वहीं पशुपालन, मत्स्यपालन और उद्यानिकी कृषि हेतु केसीसी हेतु आवेदन प्राप्त करने की गति बढ़ाए जाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने इस दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के जिन कार्यों के लिए विद्युत कनेक्शन की मांग की गई है, उनके विद्युतीकरण का कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत क्रेडा द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी 15 दिन के पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नवीन न्याय संहिता के अंतर्गत कानूनों की जानकारी प्रदान करने के लिए सभी विकास खण्डों में कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही वकील, चिकित्सक सहित ग्रामीणों को इसमें आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नारी शक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत जनजागरुकता कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने जल संसाधन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं वन विभाग के जल स्त्रातों की जियो टैगिंग करने के निर्देश भी दिए। सड़क दुर्घटना एवं आवारा मवेशी पर नियंत्रण, सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी ली और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु पटवारी एवं प्राचार्यों के साथ ही ऑपरेटरों को भी प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। वहीं आवेदन करने के लिए दस्तावेजों की अपलोडिंग के समय भी जानकारों को मौजूद रहने के निर्देश दिए, जिससे कार्य में किसी भी प्रकार के त्रुटि की संभावना न रहे। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर 15 दिन के भीतर कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और चेकडेम, आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, पीडीएस भवनों सहित अन्य निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## रेत उत्खनन को लेकर भाजपा व कांग्रेस नेता आपस में भिड़े

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले मे रेत उत्खनन व परिवहन के मामले में लगातार विवाद हो रहा है। प्रशासन ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद माफिया व ठेकेदार बिना रायल्टी के रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन कर राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे है। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के गुरसियां नदी पर रेत उत्खनन व परिवहन को लेकर हो रहे दो पक्षों में विवाद का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। एक पक्ष भाजपा नेता अक्षय गर्ग है, तो वही दूसरा कांग्रेस नेता व क्षेत्रीय जनपद सदस्य भोला गोस्वामी है। सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ग्राम पंचायत बांगो रेत घाट से पोड़ी उपरोड़ा तहसीलदार विनय देवांगन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) रोहित सिंह के निर्देश पर एक पोकलेन मशीन को जब्त किया था। रेत ठेकेदार अभय गर्ग के बड़े भाई भाजपा नेता अक्षय गर्ग ने इस कार्रवाई के बाद प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाता था और उन्होंने क्षेत्र में सभी ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने की मांग की थी। रविवार की सुबह गुरसियां नदी पर रेत उत्खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को अक्षय गर्ग ने रोक दिया। इसके साथ ही अक्षय ने मौके पर ही तहसीलदार को फोन कर कार्रवाई करने की बात कही। तब इस मुद्दे को लेकर भोला गोस्वामी व अक्षय गर्ग के बीच तीखी नोंक- झोंक हुई। भोला गोस्वामी ने अक्षय को रास्ते से हटने के लिए कहा कि लेकिन जिद पर अड़े अक्षय नहीं हटे। बाद में भोला गोस्वामी ने जबरदस्ती अक्षय को रास्ते से हटा कर ट्रैक्टर नदी से बाहर निकाला। कांग्रेस नेता व जनपद सदस्य गोस्वामी ने कहा कि जब्त करने का अधिकार सिर्फ प्रशासन को है, कोई भी आम नागरिक इस पर रोकटोक व कार्रवाई नहीं कर सकता। इधर अक्षय ने पुनः प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सभी नदियों में चल रहे रेत उत्खनन व परिवहन करते वाहनों पर रोक लगा कार्रवाई करने की मांग की है।

## जिले में किए जा रहे वृक्षारोपण की जियो टैगिंक करें -कलेक्टर

**शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियां और कमार बसाहटों में किए जा रहे कार्यों की ली जानकारी**

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने वृक्षारोपण, जियो टैगिंग, साफ-सफाई, प्रधानमंत्री जनमन योजना, राजस्व, डायवर्सन, जल जीवन मिशन, शाला प्रवेशोत्सव, खाद-बीज की उपलब्धता, विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण, मानसिक स्वास्थ्य इत्यादि विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, वनमण्डलाधिकारी श्री श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आगामी दिनों में किए जाने वाले वृहद वृक्षारोपण के लिए विभागों द्वारा मांगे गए पौधों की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधरोपण के लिए पूर्व से गड्ढे कर लें और खाद की पर्याप्त मात्रा रखना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिन-जिन जगहों पर पौधरोपण किया जाएगा, उसका जियो टैगिंग जरूर करें। इस दौरान नगरी विकासखण्ड के महानदी उद्गम स्थल सिहावा सहित अन्य स्थानों में साफ-सफाई वहां पौधरोपण के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आगामी दिनों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही योजना के तहत शत-प्रतिशत लाभान्वित गांवों का चयन करने कहा। इसके लिए संबंधित गांवों के नोडल अधिकारियों को निरीक्षण कर पालन-प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।

## प्रधानमंत्री आवास को प्राथमिकता के साथ करने के दिए निर्देश

**पंचायत स्तर पर चल रहे आवास को समय-सीमा के भीतर करें-श्री विश्वरंजन**

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान जिले के चारों विकासखण्डों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का समीक्षा कर आवास को त्वरित समय-सीमा के में करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त आवासों को 31 जुलाई 2024 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लाभुक जो आवास निर्माण पूर्ण नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई। इस योजना का लाभ जरूरतमंदों को समय पर मिले, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। आवास के अभाव में विपरीत मौसम व परिस्थितियों में जरूरतमंदों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए लाभुकों के प्रति संवेदनशील बनें। उनका आवास समय पूरा कराए। लगातार आवास निर्माण के प्रगति की मॉनिटरिंग करते रहने के निर्देश दिये गये। जिले के प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कराने का कुल लक्ष्य 11179 स्वीकृत किया गया था जिसमें पूर्ण आवास 8667 और अपूर्ण 2512 है।

## किशोरी सशक्तिकरण केंद्र कोडोली : अनौपचारिक शिक्षा और बाल संरक्षण में नई उम्मीद

**बीजापुर(विश्व परिवार) ।** कलेक्टर अनुराग के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा संचालित किशोरी सशक्तिकरण केंद्र कोडोली में शालात्यागी किशोरी बालिकाओं और असाक्षर महिलाओं को अनौपचारिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस केंद्र में उन्हें बाल संरक्षण के विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। जिसमें बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल मजदूरी, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, किशोरावस्था के दौरान शारीरिक परिवर्तन, लिंगभेद और बाल अधिकार शामिल हैं।



खुशी की बात है कि इस प्रयास के तहत तीन शालात्यागी किशोरी बालिकाएं वापस से विद्यालय जाने को प्रेरित होकर तैयार हो गई हैं। इसके अतिरिक्त, बीजादूतीर स्वयंसेवकों के प्रयास से दो महिलाएं नव भारत साक्षरता परीक्षा में भी शामिल हुई हैं, जो उनके शैक्षिक और व्यावसायिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## समस्याओं के निदान के लिए सरकार हमेशा जनता के साथ: केदार कश्यप

**मंत्री कश्यप ने मर्दापाल में साढ़े 8 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया**

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए शनिवार को अतिसंवेदनशील ग्राम मर्दापाल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वन-जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर क्षेत्र की जनता को 8 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने 39 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 15 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने इसके साथ ही यहां आयुष्मान कार्ड, सिकलसेल जेनेटिक कार्ड, धान बीज एवं स्प्रेयर, राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत सब्जी बीज और जैविक खाद,



दिव्यांगों का उपकरण, पौधा प्रदाय योजना के तहत पौधे सहित विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया। यहां आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 354 आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली यह सरकार जनता की समस्याओं के निदान के लिए सदैव उनके साथ है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज यहां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। जनता अपनी समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष रखे। इसका त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के कारण महिलाएं लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इसके साथ ही धान के मूल्य में वृद्धि से किसान और तेंदूपत्ता के मूल्य में वृद्धि से वनोपज संग्राहक खुशहाल जीवन की ओर आगे बढ़ रहे हैं। शासन हर गरीब को पक्के छत की घर उपलब्ध करा रही है। शासन लगातार ऐसी नीतियां बना रही है कि हर घर में खुशहाली पहुंचे। आम जनता को भी चाहिए कि वे इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि पूर्व में की गई घोषणाओं पर क्रियान्वयन करते हुए आज यहां 8 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया है। जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाले ये विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने इस अवसर पर जनसमस्यओं के समाधानकारक निदान पर जोर दिया। इसके साथ ही कहा कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधा, खाद-बीज वितरण सहित विभिन्न सेवाओं को बेहतर ढंग से पहुंचाया जाएगा।

### बतारी मोड़ पर वाहनों का जाम लगने की समस्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बिलासपुर मार्ग पर बतारी मोड़ के पास जाम लगने की समस्या हल नहीं हो पा रही है। इस चक्कर में हर दिन लोग परेशान हो रहे हैं। आज यहां इस प्रकार की स्थिति कायम हुई। ऐसे में खासतौर पर समस्या तब बन जाती है जब मरीज को हास्पिटल पहुंचाना हो या बिलासपुर से ट्रेन पकडना हो।समस्या के पीछे बड़ा कारण इस रास्ते से कोयला के अलावा अन्य श्रेणी के वाहनों की आवाजाही होना है। वैकल्पिक रास्ते बनाने की मांग लंबे समय से हो रही है लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में समस्या का विस्तार होना जारी है। सूत्रों के मुताबिक आज सुबह 9 बजे से बतारी मोड़ पर कोयला वाहनों के फंसने से दोनों दिशाओं में गाडियों की लंबी लाइन लग गई। ऐसे में किसी को भी आगे बढने का मौका नहीं मिला। रास्ते पर कोयला डस्ट जमा होने और बारिश के कारण कीचड़ के हालात बनने से परेशानी और बढ़ी है। जाम लगने पर यहां से दोपहिया का निकलना भी मुश्किल हो रहा है। लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर है कि समस्या का समाधान खोजने के लिए ईमानदार कोशिश नहीं की जा रही है। आखिर लोगों को कब तक परेशान होना पड़ेगा।

## व्यापार समाचार

### पेट्रोल-डीजल जीएसटी के दायरे में आए तो होगा बड़ा फायदा, इतने रुपए प्रति लीटर तक कम हो सकती हैं कीमतें

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पेट्रोल-डीजल को लंबे समय से जीएसटी के तहत लाने की मांग की जा रही है। अगर ऐसा होता है तो देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ी कमी आ सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को हुई जीएसटी परिषद की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पेट्रोल-डीजल को जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज) के तहत लाने के सवाल पर कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाना चाहती है। अब राज्यों को इसके बारे में फैसला लेना है और वे साथ आकर दरें तय करें। दरअसल, पेट्रोल और डीजल पर केंद्र सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी लगाई जाती है। वहीं, राज्य सरकार द्वारा वैट वसूला जाता है। इसके अलावा ट्रांसपोर्टेशन लागत और डीलर कमीशन मिलाकर अंतिम कीमत आती है। उदाहरण के लिए मौजूदा समय में दिल्ली में पेट्रोल का बेस प्राइस 55.46 रुपये है। इस पर 19.90 रुपये की एक्साइज ड्यूटी, 15.39 रुपये का वैट लगता है। इसके बाद ट्रांसपोर्टेशन लागत और डीलर कमीशन क्रमश- 20 पैसे और 3.77 रुपये लगता है। ऐसे में अंतिम कीमत 94.72 रुपये निकलकर आती है। वहीं, दिल्ली में डीजल का बेस प्राइस 56.20 रुपये है। इस पर 15.80 रुपये की एक्साइज ड्यूटी, 12.82 रुपये का वैट लगता है। इसके बाद ट्रांसपोर्टेशन लागत और डीलर कमीशन क्रमश- 22 पैसे और 2.58 रुपये लगता है। ऐसे में अंतिम कीमत 87.62 रुपये होती है। अगर पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाता है तो काफी फायदा होगा, क्योंकि जीएसटी की अधिकतम दर 28 प्रतिशत है। दिल्ली में पेट्रोल का बेस प्राइस 55.46 रुपये है। इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगा दी जाए तो टैक्स 15.58 रुपये बनता है। अगर ट्रांसपोर्टेशन लागत और डीलर कमीशन क्रमश- 20 पैसे और 3.77 रुपये जोड़ दिए जाए तो अंतिम कीमत 75.01 रुपये बनती है। ऐसे में पेट्रोल 19.7 रुपये प्रति लीटर सस्ता हो सकता है।

### आईसीआईसीआई बैंक ने आईमोबाइल पे पर एक अनूठा सुरक्षा उपाय 'स्मार्टलॉक' पेश किया

**मुंबई:** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने 'स्मार्टलॉक' लॉन्च किया है, जो एक अनूठा सुरक्षा उपाय है, जिससे उसके ग्राहक फ़ोन या ईमेल के ज़रिए ग्राहक सेवा अधिकारी की मदद लिए बिना, कई बैंकिंग सेवाओं को तुरंत लॉक/अनलॉक कर सकते हैं। आईमोबाइल पे पर उपलब्ध यह सुविधा ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई (बैंक खाते से जुड़े अन्य यूपीआई ऐप से भुगतान सहित), क्रेडिट और डेबिट कार्ड तक पहुँच को केवल एक बटन क्लिक करके लॉक/अनलॉक करने की शक्ति प्रदान करती है, जिससे उनके खाते की सुरक्षा उनके अपने हाथों में होती है। भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपनी तरह का पहला उपाय 'स्मार्टलॉक' ग्राहकों को संपूर्ण आईमोबाइल पे को लॉक/अनलॉक करने की भी अनुमति देता है। ग्राहक अपने खाते और कार्ड में संभावित धोखाधड़ी वाले लेन-देन के मामले में इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। वे ऐसा तब भी कर सकते हैं जब वे किसी निश्चित अवधि के दौरान किसी विशेष बैंकिंग सेवा का उपयोग नहीं करना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई व्यक्ति अपने कार्ड के साथ अपना बटुआ खो देता है या जब कोई व्यक्ति लंबे समय के लिए यात्रा कर रहा हो। यह ध्यान देने योग्य है कि 'स्मार्टलॉक' सुविधा अनुसूचित स्थायी निर्देश (एसआई) और E-mandates को तब भी जारी रखने की अनुमति देती है, जब ग्राहक द्वारा बैंकिंग सेवा लॉक की जाती है। इस पहल के बारे में बोलते हुए, आईसीआईसीआई बैंक के हैड-डिजिटल चैनल्स और पार्टनरशिप्स श्री सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा, हमारे ग्राहकों के बैंक खाते की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस विजन के अनुरूप, हम 'स्मार्टलॉक' को पेश करते हुए प्रसन्न हैं, जो ग्राहकों को आईमोबाइल पे पर एक ही क्लिक और एक ही स्थान पर प्रमुख बैंकिंग सेवाओं को तुरंत लॉक/अनलॉक करने की शक्ति प्रदान करने वाली उद्योग की एक अनूठी पहल है।

### एचडीएफसी बैंक के 'विजिल आंटी-एंड ऑफस्कैम सेल' अभियान ने कान्स लायंस में सिल्वर जीता

**मुंबई, :** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफ़सी बैंक ने अपने 'विजिल आंटी-एंड ऑफस्कैम सेल' (ईओएसएस) अभियान के लिए कान्स लायंस 2024 में सिल्वर जितने की घोषणा की है। अभिनेत्री नोरा फ़्तेही और विजिल आंटी ने इस सोशल मीडिया अभियान में अभिनय किया है। इस अभियान ने अब तक 28 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंच और 22 मिलियन से अधिक व्यू प्राप्त किए हैं। विजिल आंटी एक काल्पनिक सोशल मीडिया चरित्र है जिसे एचडीएफ़सी बैंक ने डिजिटल धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बनाया है। एचडीएफ़सी बैंक ने अपने ईओएसएस अभियान के हिस्से के रूप में अभिनेत्री नोरा फ़्तेही की स्टार पावर का उपयोग धोखेबाजों के तौर-तरीकों को दोहराने और लोगों को इस बात से अवगत कराने के लिए किया कि कैसे कोई आसानी से डीपफेक और धोखाधड़ी के लिए अतिसंवेदनशील हो सकता है। बैंक ने एक नकली ब्रांड बनाया और दर्शकों को 'लुलुमेलॉन' के लिए एक इंस्टाग्राम पेज बनाकर इसकी वैधता पर विश्वास दिलाया, जिससे यह रोमांचक ऑफ़र और डील के साथ एक वास्तविक ब्रांड की तरह लगने लगा। इस अभियान को 'इवेंट्स एंड स्टंट्स' के बेहतरीन उपयोग के लिए प्रतिष्ठित कान्स लायंस में मान्यता दी गई। एचडीएफ़सी बैंक के ग्रुप हेड, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और हेड - डायरेक्ट टू कंज्यूमर बिजनेस, रवि संथानम ने कहा, ५हमारे धोखाधड़ी जागरूकता अभियान के लिए कान्स लायंस जीतना इस मुद्दे के बारे में जागरूकता फैलाने की हमारी प्रतिबद्धता को और बढ़ाता है, ताकि ग्राहक डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। यह मान्यता हमारे एजेंसी पार्टनर्स, एफ़सीबीकिनेक्ट की असाधारण रचनात्मक प्रतिभा का प्रमाण है।




# मेजबान टीमें टी20 विश्व कप से बाहर, ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में द.अफ्रीका और इंग्लैंड

**नार्थ साउंड (एंटीगा)( एजेंसी )।** टी20 विश्व कप कप 2024 में सुपर-8 के ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का नाम तय हो चुका है। ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका ने छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। बारिश से बाधित मैच में सोमवार को एंटीगा में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टक्कर हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूर्नामेंट की सह मेजबान वेस्टइंडीज ने अफ्रीकी टीम के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज (52 रन) ने बनाए। इससे पहले काइल मेयर्स ने 35 रन की अहम पारी खेली थी। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तबरेज शम्सी ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बारिश की वजह से डकवर्थ लुईस नियम के तहत तीन ओवर्स कम कर दिए गए थे। फिर दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में शुरुआती झटकों से उबरते हुए अफ्रीकी टीम ने 16.1 ओवर में 7 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टीम के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए, लेकिन मार्को यानसन ने सबसे अहम नाबाद 21 रन की पारी खेली। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की और वेस्टइंडीज को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज ने गेंद और बल्ले से दोहरा प्रदर्शन किया, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने 52 रन बनाए और 3 विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका ने 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इससे पहले इंग्लैंड, अमेरिका को हराते हुए ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी।

## निवेशक का दावा, ग्रो प्लेटफॉर्म पर हुआ फ्रॉड कंपनी ने कहा- मामला सुलझ गया





**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पॉपुलर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ग्रो के एक निवेशक ने सोशल मीडिया पर कंपनी पर फ्रॉड का आरोप लगाया है। हनेंद्र प्रताप सिंह के नाम के एक यूजर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उसकी बहन फाइनेंसियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करती है और ग्रो द्वारा फोलियो नंबर भी जनरेट कर दिया है। आगे कहा कि जैसे ही उनकी बहन ने राशि निकालने की कोशिश तो उन्हें पता चला कि उनका फोलियो नंबर मौजूद ही नहीं है और सारी जानकारी डैशबोर्ड से गायब हो गई। ग्रो यूजर ने आरोप लगाया कि ऐप की ओर से राशि ले ली गई, लेकिन कभी म्यूचुअल फंड में निवेश नहीं की गई। सोशल मीडिया पर आलोचना होने के बाद ग्रो ने इसका जवाब देते हुए कहा कि नैतिकता के आधार पर निवेशक द्वारा क्लेम की जा रही राशि क्रेडिट कर दी गई है। कंपनी ने अपनी पोस्ट में कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि निवेशक दावा की गई राशि के बारे में चिंतित न हो, हमने इसे नैतिकता के आधार पर निवेशक के खाते में जमा कर दिया है। आगे ग्रो ने कहा कि हमने निवेशक से निवेशित राशि के डेबिट के सबूत के रूप में बैंक स्टेटमेंट की मांग की है, जिससे हमें और नियामकों को निवेशक को लेकर उठे सवाल के बारे में जांच करने में आसानी हो। कंपनी ने आगे कहा कि ग्राहक के डैशबोर्ड पर गलती से वह फोलियो आ गया। हम इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। समस्या सुलझा ली गई है। एक अन्य ग्रो यूजर ने सोशल मीडिया एक्स पर इस घटना को काफी चिंताजनक बताया। यूजर्स की ओर से पोस्ट में कहा गया कि वह कई वर्षों से ग्रो के माध्यम से पैसे निवेश कर रहा है और कभी चेक नहीं किया कि उसे अलॉटमेंट मिला है या नहीं।

## क्रिस जॉर्डन ने यूएसए के खिलाफ हैट्रिक लेकर घर वापसी का लुत्फ उठाया



**ब्रिजटाउन( एजेंसी )।** इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन ने केंसिंग्टन ओवल में अपने करियर के यादगार क्षण का जश्न मनाया, और हैट्रिक लेकर अपनी टीम को यूएसए पर 10 विकेट की धमाकेदार जीत के साथ-साथ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह भी दिलाई। बारबाडोस में जन्मे 35 वर्षीय गेंदबाज ने इस रिकॉर्ड को अपने लिए बेहद खास बताया, क्योंकि उनका इस मैदान से गहरा नाता है, जहां से उनकी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। सुपर-8 में यूएसए के खिलाफ, जॉर्डन ने 2.5 ओवर में 4/10 का आंकड़ा हासिल किया। मैच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, जॉर्डन ने अपने होमटाउन में इस तरह की उपलब्धि हासिल करने के बारे में अपनी भावनाओं को साझा किया। मैच के बाद जॉर्डन ने कहा, मैं जिस जगह पैदा हुआ, जिस जगह मैंने बहुत क्रिकेट खेला, अपने परिवार, दोस्तों के सामने हैट्रिक लेना एक अच्छा दिन था। मेरे परिवार को दुनिया भर में यात्रा करने और मुझे बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए देखने का मौका बहुत कम मिलता है। इसलिए उनके सामने ऐसा करना निश्चित रूप से सबसे बड़ी उपलब्धि है। विश्व कप में यह प्रदर्शन और हमारा सेमीफाइनल में क्वालीफाई करना मेरे लिए खास है, यह निश्चित रूप से मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। जॉर्डन की व्यक्तिगत जीत एक मुख्य आकर्षण थी, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड टीम के सामूहिक प्रयास को भी सराहा। उन्होंने अपने साथियों के प्रदर्शन की भी सराहना की, जिसके दम पर टीम ने जीत की नींव रखी।

## मेटा एआई अब भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक इंस्टाग्राम और अन्य पर उपलब्ध




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने सोमवार को भारत में व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और मेटा डॉट एआई पर अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) असिस्टेंस की उपलब्धता की घोषणा की। इसे लेटेस्ट 'लामा 3' लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के साथ बनाया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि देश में लाखों यूजर्स अपने काम को पूरा करने, कंटेंट क्रिएट करने और टॉपिक पर जानकारी प्राप्त करने के लिए फीड, चैट और अन्य ऐप्स में मेटा एआई का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने द्वारा उपयोग किए जा रहे ऐप को छोड़ने की जरूरत नहीं है। मेटा ने कहा, भारत में इसे अंग्रेजी में शुरू किया जा रहा है। आप व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर और इंस्टाग्राम पर मेटा एआई का इस्तेमाल करके काम कर सकते हैं, सीख सकते हैं, क्रिएट कर सकते हैं और उन चीजों से जुड़ सकते हैं जो आपके लिए बेहद जरूरी हैं। कंपनी ने पिछले साल के 'कनेक्ट' इवेंट में पहली बार मेटा एआई की घोषणा की थी। भारत में यूजर्स व्हाट्सएप ग्रुप चैट में मेटा एआई से आपके और आपके दोस्तों के लिए शानदार व्यूज वाले और वेगन रेस्तरां रिकमेंड करने के लिए कह सकते हैं। कंपनी ने कहा, मेटा एआई से पूछें कि रोड ट्रिप पर रुकने के लिए कौन सी जगह अच्छी है? यदि आप किसी टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं तो मेटा एआई से वेब पर मल्टीपल चॉइस टेस्ट के बारे में पूछें। फेसबुक फीड पर स्क्रॉल करते समय भी मेटा एआई तक पहुंचा जा सकता है। कंपनी के अनुसार, क्या आपको कोई ऐसा पोस्ट मिला है जिसमें आपकी दिलचस्पी है? आप मेटा एआई से सीधे पोस्ट से ही ज्यादा जानकारी ले सकते हैं।

## जीएसटी परिषद में गेमिंग सेक्टर की मांग पर नहीं हुई चर्चा




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में गेमिंग सेक्टर की मांग पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं हुई। गेमिंग कंपनियां लंबे समय से मांग कर रही हैं कि 28 प्रतिशत जीएसटी दांव पर लगाई जाने वाली पूरी राशि की बजाय इंडस्ट्री द्वारा हासिल किए जाने वाले सकल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) पर लगाना चाहिए। गेमिंग कंपनियों के अनुसार, स्किल आधारित ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगने से गेमिंग इंडस्ट्री पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इससे फंडिंग में कमी आई है। साथ ही, रोजगार के मौके घट रहे हैं और सेक्टर के भविष्य को लेकर दुविधा की स्थिति है। जेएसए एडवोकेट्स और सॉलिसिटर में पार्टनर मनीष मिश्रा ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। सेक्टर उम्मीद कर रहा था कि टैक्स की दरों को लेकर कुछ राहत मिलेगी। ईवाई और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) की ओर से जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्टूबर 2023 से नया जीएसटी रिजीम आने के कारण कुछ कंपनियों से वैश्विक निवेशक हट गए हैं। नया जीएसटी रिजीम आने से पहले जीएसटी की लागत कुल आय का 15.25 प्रतिशत थी। एक अक्टूबर, 2023 के बाद 33 प्रतिशत कंपनियों के लिए जीएसटी की लागत आय के 50 से 100 प्रतिशत तक हो गई है। कुछ स्टार्टअप्स के लिए यह लागत आय से भी ज्यादा है। रिपोर्ट में बताया गया कि ये स्टार्टअप नुकसान में कारोबार कर रहे हैं।

## रायपुर में हुए जूनियर मिस इंडिया 2025 के ऑडिशन, 50 से ज्यादा बालिकाओं ने किया रैम्प वाक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जूनियर गर्ल्स में आत्मविश्वास जगाकर उनका हौसला बढ़ाने वाला बहुप्रतीक्षित फैशन इवेंट जूनियर मिस इंडिया 2025 सीजन 3 के ऑडिशन 23 जून, रविवार को रायपुर में सफलता पूर्वक संपन्न हुए, जहाँ 50 से अधिक बालिकाओं ने रैम्प वाक किया और अपनी खूबसूरती और मासूमियत से जजों को मोहित कर लिया। 5 से 16 वर्ष तक की बेटियों के लिए आयोजित इस भव्य फैशन इवेंट के ऑडिशन रायपुर सिटी सेंट्रल मॉल में 11 बजे से 4 बजे किए गए थे। इनमें शामिल होने के लिए प्रतिभागियों ने www.juniormissindia.com पर रजिस्ट्रेशन कराया था। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के अलावा ऑनस्पॉट ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध थी।

जूनियर मिस इंडिया 2025 सीजन 3 का आयोजन माय सिटी इवेंट्स इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है। इसकी सीईओ मृदुला सोनी ने बताया कि देश भर के लगभग सभी राज्यों की बेटियों को फैशन, एक्टिंग और मॉडलिंग में करियर बनाने का अवसर देने के लिए 25 शहरों में सीजन 3 के ऑडिशन किए जा रहे हैं। भुवनेश्वर और लखनऊ में ऑडिशन हो चुके हैं जबकि 23 जून 2024 को कोलकाता और रायपुर में हुए। हर वर्ष इस फैशन इवेंट के लिए हजारों रजिस्ट्रेशन होते हैं। कड़ी स्पर्धा के बाद ग्रैंड फिनाले के लिए 120 फाइनलिस्ट का चयन किया जाता है और फिर चार कैटेगरी में 12 विनर्स को चुना जाता है। डाईटिशियन एंड वेलनेस एक्सपर्ट शिल्पी गोयल, पेरेंटिंग कोच एंड फैशन डिज़ाइनर मनीषा अग्रवाल, कविता राठी और आकृति अग्रवाल बच्चों की परफॉरमेंस को जज करने के लिए एवं उनका उत्साहवर्धन करने के लिए ज्यूरी में शामिल हुई।

**जिंदगी भर का हौसला देने वाली ट्रेनिंग, 50 से ज्यादा पार्टिसिपेंट्स फिल्म और सीरियल्स में-** माय सिटी इवेंट्स इंडिया कॉर्पोरेशन की सीईओ मृदुला सोनी ने कहा कि यह इवेंट सिर्फ एक कॉम्पिटिशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा ट्रेनिंग सेशन होता है जो गर्ल्स चाइल्ड को जिंदगी भर का हौसला देता है। जूनियर मिस इंडिया 2025 प्रोत्साहन देने वाला एक बड़ा मंच है क्योंकि इसकी तैयारी के दौरान उन्हें मॉडलिंग, रैंप वॉक, कम्युनिकेशन स्किल्स, डांसिंग, एक्टिंग, लैंग्वेज कमांड, बिहेवियर कंट्रोल, पर्सनल ग्रूमिंग और पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ कई तरह की ट्रेनिंग दी जाती है। पार्टिसिपेंट्स को फिल्म एक्टर्स, मॉडल्स और फैशन इंडस्ट्री की हस्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है।

## ओला ने अपने एस1 स्कूटर पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के फायदों के साथ 'इलेक्ट्रिक रश' ऑफरों की घोषणा की

**बैंगलुरू:** ओला इलेक्ट्रिक अपने 'ओला इलेक्ट्रिक रश' अभियान के अंतर्गत अपने एस1 पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के आकर्षक ऑफर प्रदान कर रहा है। 28 जून तक लागू इन ऑफरों में एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये और एस1 प्रो एवं एस1 एयर पर 2,500 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को 10,000 रुपये तक के अतिरिक्त फायदे प्रदान किए जा रहे हैं, जिनके अंतर्गत एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और एस1 के संपूर्ण पोर्टफोलियो पर चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई के साथ 5,000 रुपये तक का कैशबैक शामिल है। ओला इलेक्ट्रिक एक विशाल एस1 पोर्टफोलियो पेश करता है, जिसमें आकर्षक मूल्य में छः उत्पाद हैं, जो विभिन्न रेंज की जरूरत वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। हाल ही में कंपनी ने मास-मार्केट सेगमेंट में अपना एस1 एक्स पोर्टफोलियो उतारा है। तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशन (2 किलोवॉटघंटा, 3 किलोवॉटघंटा, और 4 किलोवॉटघंटा) के साथ इन स्कूटरों का मूल्य क्रमश: 74,999 रुपये; 84,999 रुपये और 99,999 रुपये है। साथ ही इसके प्रीमियम स्कूटरों में एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ का मूल्य क्रमश: 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 89,999 रुपये है। ओला इलेक्ट्रिक अपने उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी प्रदान करता है। ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि इस कदम से इलेक्ट्रिक वाहनों की उम्र बढ़ेगी, और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में आने वाली एक बड़ी बाधा का समाधान हो सकेगा। ग्राहक एड-ऑन वॉरंटी लेकर 1,00,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 4,999 रुपये देकर और 1,25,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 12,999 रुपये देकर वॉरंटी के अंतर्गत ला सकते हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 26 जून 2024



## नए सत्र के लिए मुख्यमंत्री साय ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ के अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार का और पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से नव प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी, जो पहली बार अक्षर ज्ञान करेंगे। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी नई पीढ़ी को आपको सौंप रहा है। आप इन्हें शिक्षा प्रदान कर, संस्कारित कर, विकसित छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार करें। ज्ञात हो कि नया सत्र 26 जून से आरंभ करने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गोवा विधानसभा के अध्यक्ष रमेश बी तावड़कर की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में आज शाम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से गोवा विधानसभा के अध्यक्ष श्री रमेश बी तावड़कर ने सौजन्य मुलाक़ात की। इस मुलाक़ात के दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री तावड़कर का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी।श्री तावड़कर ने भी गोवा के विकास और विधानसभा की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

### संसद भवन में छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने संसद भवन में छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसदों के साथ मुलाकात की। साथ ही उन्होंने सांसदों के साथ भोजन भी किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य मुलाकात भी की।

# विष्णुदेव साय सरकार के परिवर्तनकारी कदम से संवर रहा छत्तीसगढ़

### दूरस्थ अंचलों में फैल रही विकास की रोशनी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार आम जनता के जीवन को आसान बनाने और उन्हें एक बेहतर सामाजिक जीवन देने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने के लिए भी विशेष कदम उठा रही है, यही कारण है कि नियद नेल्लानार जैसी योजनाएं आज बड़ा परिवर्तन ला रही है।

आम नागरिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासनिक कसावट लाकर तेजी से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में किसानों की बड़ी आबादी है, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य में खेती-किसानी के लिए किसानों को अनुकूल माहौल और आर्थिक मजबूती मिल सके इसका भी सरकार ध्यान रख रही है। कृषक उन्नति योजना में किसानों की समृद्धि का उद्देश्य लेकर साय सरकार 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी कर रही है। किसानों को दो वर्ष का 3716 करोड़ रूपए का बकाया बोनस भुगतान भी कर दिया है।




गरीबों को आवास देना साय सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसे पूरा करते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख से अधिक परिवारों को आवास प्रदान करने का निर्णय लिया है। वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3799 करोड़ रूपए तथा वर्ष 2024-25 के बजट में 8369 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हितग्राहियों को योजनांतर्गत आवास निर्माण के लिए नि:शुल्क रेत की सुविधा दी जा रही है। गरीबों के हित में कदम उठाते हुए एक करोड़ से अधिक परिवारों को 5 वर्ष तक निशुल्क राशन की भी व्यवस्था की है।

परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अपने सपनों को ख़ुशी-ख़ुशी न्यौछावर करने वाली गृहणियों का साय सरकार ने विशेष ध्यान रखा है। महतारी वंदन योजना आज पूरे देश में एक मिसाल के तौर पर उभरी है, जिसमें 70 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को हर माह 1000 रूपए के मान से साल में 12000 रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। युवाओं के साथ न्याय हो और सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता आ सके इस दिशा में भी साय सरकार विशेष प्रयास कर रही है। युवाओं को शासकीय भर्ती में बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

माओवाद प्रभावित इलाकों में छत्तीसगढ़ सरकार के त्वरित और सख्त निर्णय से विगत 6 माह में 136 माओवादी ढेर, 526 गिरफ्तार और 442 का आत्मसमर्पण जैसी उपलब्धियां माओवाद समस्या के पूर्ण निदान की ओर बड़ी सफलता है।

## भक्त के अंदर प्रेम होता है, शिष्य के अंदर श्रद्धा होती इस लिए शिष्य सबके हित के लिए सोचता है : सौभाग्य मति माताजी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत गौरव विदुषी गणनी वागड़ केसरी आर्यिका रत्न 105 श्री सौभाग्यमती माताजी, आर्यिका शिक्षामति माताजी, आर्यिका संक्षेपमति माताजी, क्षुल्लिका समक्षमति माताजी, क्षुल्लिका साक्षातमति माताजी ससंध श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ में विराजित है मंदिर के नरेंद्र जैन (मैनेजिंग ट्रस्टी), यशवंत जैन (अध्यक्ष), सुजीत जैन (सचिव), दिलीप जैन (कोषाध्यक्ष) ने जानकारी दी, माताजी ने पंचम दिवस में आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रवज्लन, शास्त्र एवं श्रीफल भेट मंदिर ट्रस्ट एवं फाफाडीह महिला मंडल की सदस्ययो के द्वारा किया गया तत्पश्चात माता जी ने मांगलिक प्रवचन में (भक्त के अंदर प्रेम होता है, शिष्य के अंदर श्रद्धा होती है, यही वजह है भक्त सब कुछ अकेले ही लेना चाहता है ओर शिष्य सबको देने की भावना रखना है) आहार दान के लाभार्थी श्री मणिलाल प्रकाश जैन, श्रीमति कांताबाई गिरीश जैन, श्री चंद्रकांत लोकेश ऋषभ जैन परिवार, श्रीमती चंपाबाई विजय जैन परिवार, श्रीमती ममता, आशु, विद्या, मंजू जैन श्रीमती रश्मि दीपक जैन गणेशराम नगर आज के आहार पुण्यार्जक बने, संध्याकालीन आनंद यात्रा के पारितोषिक के लाभार्थी आशीष अनुप जैन (श्रीनगर) एवं रवि जैन (संस्कृति पंडरी ) परिवार है। संघ के दैनिक चर्या अनुसार प्रात: 8:30 प्रवचन, 9:30 आहार चर्या, रात्रि 7 बजे आरती, प्रश्नोतरी 7:30 आनंद यात्रा का आयोजन किया जाएगा आपसे निवेदन अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।



## जिला प्रशासन की पहल पर नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान

**गांव में निकाली गई जल जागरूकता रैली, जल संरक्षण के बताए उपाय**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के दूसरे दिन जनपद पंचायत तिल्दा में ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलों को प्रभारी नियुक्त किये किए है। उक्त पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे आज दूसरे दिन तिल्दा जनपद अंतर्गत महिलाओं द्वारा रैली के अतिरिक्त बैनर और दीवार लेखन से जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच जाकर वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, रिचार्ज स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल के महत्व के संबंध में अवगत कराते हुए जल का उचित उपयोग करने के संबंध में जागरूकता फैलाने तथा जल को सरंक्षित करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।





## द.पू.म. रेलवे का महत्वपूर्ण झारसुगुड़ा-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर सेक्शन होगा कवच सुरक्षा तकनीक के दायरे में

**इस ऑटोमैटिक तकनीक के जरिए अब दो गाड़ियों के बीच आमने-सामने से टक्कर नहीं होगी**

**रायपुर/बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय रेलवे ने चलती हुई ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कवच नामक एक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन) प्रणाली विकसित की है। यह पूर्ण रूप से स्वदेशी तकनीक है और ट्रेनों के संचालन की हर पल निगरानी करती है। यह प्रणाली सिग्नल एवं स्पीड से संबन्धित दुर्घटनाओं को रोकने में पूर्णतया सक्षम है।

ट्रेनों का संचालन मुख्यतया स्टेशन पर विद्यमान परिचालन प्रणाली एवं ट्रेन ड्राइवरों द्वारा किया जाता है। अत: ट्रेनों की सुरक्षा की सर्वाधिक ज़िम्मेदारी स्टेशनों के स्टेशन मास्टर एवं ट्रेन ड्राइवरों पर है। स्टेशन मास्टर से ट्रेनों के परिचालन में कोई गलती न हो यह सिग्नल एवं दूरसंचार सिस्टम की इंटरलॉकिंग द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। किन्तु मानवीय भूलों के लिए ट्रेन ड्राइवरों के पास अब तक कोई ऐसी विश्वसनीय मदद नहीं थी। ऐसी स्थिति में कवच (ट्रेन कोलाईजन एवोइडेंस सिस्टम) प्रणाली ट्रेन ड्राइवरों की मदद के लिए एक विश्वसनीय साथी है। यदि ड्राइवर कहीं स्पीड कंट्रोल करना या ब्रेक लगाना भूल जाता है तो कवच प्रणाली ब्रेक इंटरफेस यूनिट द्वारा ट्रेन को स्वचालित रूप से कंट्रोल कर लेती है।




इस प्रणाली में पूरे सेक्शन में विश्वसनीय वायरलेस कम्यूनिकेशन स्थापित किया जाता है तथा सभी स्टेशनों व सभी इंजिनों में डिवाइस लगाई जाती है जिससे ट्रेन का इंजिन सम्पूर्ण ट्रैक में लगे हुए रेडियो फ्रिक्वेन्सी टैग द्वारा ट्रैक व सिग्नल से संबन्धित विवरण प्राप्त करता है। इंजिन में स्थित डिवाइस (लोको यूनिट) स्टेशन के इंटरलाकिंग सिस्टम, सिग्नल के निर्देश और समपार फाटकों से विवरण लेती है और कंप्यूटरीकृत प्रणाली के निर्देशानुसार ट्रेन का संचालन सुरक्षित गति से करती है। अर्थात ट्रेन की गति सिग्नल की स्थिति-पोजीशन के साथ इंटरलॉक होती है।

यह प्रणाली ड्राइवर के केबिन में लाइन-साइड सिग्नल के आस्पेक्ट को दोहराती है, जिससे घने कोहरे, बरसात जैसे कठोर मौसम के दौरान भी ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित होगी। यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है, तो भी यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगाकर ट्रेन की गति को नियंत्रित करने में मदद करती है। यह प्रणाली संचालन प्राधिकरण (मूविंग ओथोरिटी) के निरंतर अद्यतन के सिद्धांत पर काम करती है एवं लोको को सीधे टकराव से बचने में, लोको में स्थित संचार माध्यम द्वारा, सक्षम बनाती है।

कवच प्रणाली द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य विशेषताओं में समपार (लेवल क्रासिंग) फाटकों पर ऑटो सीटी बजाना और विषमता की स्थिति में या जोखिम के मामले में अन्य ट्रेनों को नियंत्रित एवं सावधान करने के लिए ऑटो/मेनुअल एसओएस प्रणाली को तुरंत सक्रिय करना शामिल है जिससे कि आसपास के क्षेत्र में सभी ट्रेनों का संचालन तुरंत रुक जाता है।

'कवच' प्रणाली दवारा ऑटोमैटिक तकनीक के जरिए अब दो गाड़ियों के बीच आमने-सामने से टक्कर नहीं होगी। खास बात ये है कि इस तकनीक को देश में तैयार किया गया है। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा मार्च 2022 में कवच सुरक्षा तकनीक का सफल जीवंत परीक्षण दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में लिंगमपल्ली-विकाराबाद खंड पर गुल्लागुडा-चिटगिड्डा रेलवे स्टेशनों के बीच किया गया था।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन को कवच परियोजना के लिए चिन्हित किया गया है, जिसके अनुमोदन के लिए प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृति पश्चात नागपुर-रायपुर-बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में कवच सुरक्षा तकनीक स्थापित करने का कार्य शुरू किया जाएगा।

## गांवों में लोगों को सभी बुनियादी सुविधाएं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले : मुख्य सचिव

**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा है कि नियद नेल्लानार योजना में शामिल बस्तर संभाग के कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले के गांवों में लोगों को उनकी आवश्यकता अनुसार सभी बुनियादी सुविधाएं एवं कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव श्री जैन आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में नियद नेल्लानार योजना की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। योजना क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, शिक्षा, खाद्यान्न, पोषण आहार, खेल सुविधा, पेयजल सहित वहां के किसानों को किसान सम्मान निधि और खाद-बीज समय पर मिले यह सुनिश्चित करने कहा गया है। मुख्य सचिव ने इन गांवों में शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं के तहत दी जाने वाली सेवा और सुविधा सुचारू रूप से मिलती रहे यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बस्तर संभाग के कमिश्नर, आईजी और कलेक्टर्स शामिल हुए।

## एनएस एनआईएस पटियाला में आयोजित हुआ द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण समारोह

### रायपुर की प्रियंका शर्मा बनी छ.ग. पुलिस विभाग की पहली राष्ट्रीय योग कोच

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुलिस विभाग में पदस्थ निरीक्षक (एम) श्रीमती प्रियंका शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान पटियाला (एनएसएनआईएस) में आयोजित राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक ए श्रेणी प्राप्त कर छ.ग.पुलिस विभाग की पहली राष्ट्रीय योग कोच बन गई है।




गोल्ड मेडलिस्ट हैं प्रियंका- श्रीमती प्रियंका शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य की राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता तथा गुंडाधूर अवॉर्डी खिलाड़ी हैं तथा राज्य पुलिस अकादमी चंद्रखुरी में पुलिस की राजपत्रित अधिकारियों की स्विमिंग तथा फिटनेस कोच रह चुकी हैं, वर्तमान में इन्हें छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित ऑल इंडिया पुलिस चैंपियनशिप के लिए योगा इवेंट में कोच की ज़िम्मेदारी सोपी गई है। पटियाला में अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर प्रियंका राज्य की प्रथम राष्ट्रीय पुलिस महिला योगासन कोच बन गई है। पटियाला के राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएस एनआईएस), में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षकों में से प्रथम चार उत्कृष्ट योगासन कोच को यूरोप टिकट के साथ पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आईडीवाई प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग भी दी गई। इस द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम में 29 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों से आए 140 प्रशिक्षकों ने भाग लिया। आईटीबीपी के योगासन एथलीट्स और अधिकारियों ने भी आईडीवाई योग ट्रेनिंग प्रोटोकॉल में भागीदारी की। इस कार्यक्रम में कई राज्यों से आए पुलिस अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर तमिलनाडु की योगासन एथलीट ने योगासन खेल की शानदार प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया, और अफ्रीकी महाद्वीप से आए अंतरराष्ट्रीय कोच डॉ. जयराम ठक्कर जी ने भी सभी को प्रशिक्षण दिया।अफ्रीकी महाद्वीप समन्वयक श्री जयराम ठक्कर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ अफ्रीकी महाद्वीप की अंतरराष्ट्रीय योगा एंबेसडर श्रीमती मरियम जी, संपादक विशेषज्ञ श्री प्रवीण प्रभाकर जी, और शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के निदेशक श्री रचित कौशिक भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यह आयोजन योगासन भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के अंतर्गत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ ने किया इस कार्यक्रम का संचालन योगासन भारत के माननीय महासचिव, डॉ. जयदीप आर्य जी के आदरणीय मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. आर्य ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कोचों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संभावनाओं और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा है कि सफल कोचों को भारत और विदेशों में कोचिंग करियर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के योगासन खेल को ओलंपिक खेलों में शामिल करने के मिशन पर भी जोर दिया। भव्य समापन समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय निदेशक श्री पीयूष कांत मिश्रा, सोशल मीडिया निदेशक श्री रोहित कौशिक, पंजाब योगासन राज्य निकाय की अध्यक्ष डॉ. अकलकला, पंजाब योगासन राज्य निकाय के सचिव डॉ. सी. के. मिश्र और एशियन योगासन के कोषध्यक्ष एडवोकेट उमेश नारंग शामिल रहे।

## एएम/एनएस इंडिया द्वारा बड़ाबांधा गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**एएम/एनएस इंडिया द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का आदिवासी क्षेत्रों को मिल रहा उचित लाभ, नि:शुल्क शिविर से 120 ग्रामीण हुए लाभान्वित**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया के द्वारा पालीगुड़ा, आरएससी-19, नुआगुड़ा और बड़ापदर पंचायत के बड़ाबांधा गांव में 2 दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित 120 चिन्हित व्यक्तियों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयां प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की सीएसआर टीम, स्वास्थ्य कर्मचारीगण, पालीगुड़ा, आरएससी-19, नुआगुड़ा, बड़ापदर पंचायत एवं बड़ाबांधा के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



एएम/एनएस इंडिया द्वारा संचालित इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उचित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना है। जिससे दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हो सके।

एएम/एनएस इंडिया एक प्रमुख इस्पात निर्माता कंपनी है, जो उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादन और उद्योग में नवाचार के लिए जानी जाती है। एएम/एनएस कंपनी न केवल व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी समर्पित है। यह कम्पनी विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए निरन्तर प्रयासरत है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्पोर्ट्स और ग्रामीण इलाकों में स्थायी विकास के क्षेत्र शामिल हैं। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी की यह नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने एवं स्थानीय निवासियों को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक कराने के उनके निरंतर प्रयास का हिस्सा है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354